कोटद्वार, रविवार
26 अक्टूबर 2025
वर्षः 47
अंकः 165 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### फिल्म अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने जागेश्वर धाम में किया रुद्राभिषेक

अल्मोड़ा। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री उर्वशी रौतेला शनिवार को अपने माता–पिता के साथ जागेश्वर धाम पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान जागेश्वर महादेव के दर्शन कर रुद्राभिषेक किया। उन्होंने मंदिर की परिक्रमा कर पूजा–अर्चना की और जागेश्वर धाम के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के बारे में पुजारियों से जानकारी प्राप्त की। उर्वशी रौतेला अपने पिता मानवेन्द्र सिंह रौतेला और माता मीरा रौतेला के साथ सुबह जागेश्वर धाम पहुंचीं। उनके आगमन की पूर्व सूचना धाम के मुख्य पुरोहित पंडित हेमंत भट्ट को दे दी गई थी। धाम पहुंचने पर आचार्य निर्मल भट्ट, आचार्य गिरीश भट्ट, पंडित सागर भट्ट और कमल सनवाल ने वैदिक विधि से रुद्राभिषेक पूजन सम्पन्न कराया। इसके बाद उन्होंने महामृत्युंजय मंदिर, पुष्टि माता मंदिर और केदारनाथ मंदिर में भी पूजा–अर्चना की। धाम में उनके पहुंचने की सूचना मिलते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं, स्थानीय लोगों और उनके प्रशंसकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान अनेक लोगों ने उनके साथ स्मृति चित्र भी खिंचवाए। करीब एक घंटे तक मंदिर परिसर में समय बिताने और पूजा–अर्चना के बाद उर्वशी रौतेला अपने परिजनों के साथ वहां से रवाना हो गईं। उल्लेखनीय है कि उर्वशी रौतेला छात्र जीवन के दौरान भी कई बार जागेश्वर धाम आ चुकी हैं। वह वर्ष 2016 में भी यहां दर्शन के लिए आई थीं।

### जमीन बेचने के नाम पर 9.40 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

काशीपुर। काशीपुर में एक व्यक्ति ने दो लोगों पर जमीन बेचने के नाम पर उससे नौ लाख 40 हजार रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पशुपति विहार, जसपुर खुर्द निवासी संदीप कुमार ने आईटीआई थाने में दी तहरीर में बताया कि मोहल्ला गंज, महुआखेड़ागंज निवासी प्रीतम उर्फ पप्पू और उसके दोस्त राकेश कुमार ने उसे ग्राम कनकपुर में छीना पैलेस के सामने 21500 वर्ग फुट जमीन दिखाई थी। प्रीतम ने जमीन उसकी बहन हिना अरोरा निवासी मोहल्ला बांसफोड़ान की होना बताया था। कहा था कि हिना की बेटी कविता पढ़ाई के लिए कनाडा जा रही है। इस वजह से उसकी बहन सस्ते में जमीन बेच रही है। उसका अपनी बहन हिना से जमीन का एग्रीमेंट हुआ है और वह दिल्ली से आकर रजिस्ट्री करा देगी। प्रीतम ने मोबाइल से किसी महिला को हिना बताकर उसकी बात कराई थी। उसने विश्वास कर जमीन का सौदा 14 लाख रुपये में तय कर दिया। एक जनवरी 2024 को 40 हजार रुपये का बयाना दे दिया।

11 जनवरी को एक लाख रुपये नकद राकेश कुमार और आठ लाख रुपये कविता के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। शेष रकम का भुगतान लोन से कराने की बात हुई थी। आठ जुलाई 2025 को इन लोगों ने नोटरी राजीनामा बनवाया था और 47–47 हजार के दो चेक लगवाए थे। उसकी जानकारी में आया कि इन लोगों ने गैंग बनाकर उसकी रकम हड़प कर ली। पता चला कि कविता हिना की बेटी नहीं है बल्कि प्रीतम के बेटे की पत्नी है। आरोप लगाया कि इन लोगों ने हमसाज होकर उसके नौ लाख 40 हजार रुपये हड़प लिए। बताया कि चेक प्रीतम ने न्यायालय में लगाए हैं। पुलिस ने आरोपी प्रीतम व कविता के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### दून अस्पताल को मिले 27 डॉक्टर, मरीजों को बड़ी राहत

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल को 27 नए डॉक्टर मिल गए है। उनके चयन पर शासन ने अनुमति दे दी है। सात से दस दिन में डॉक्टर ज्वाइन कर लेंगे। डॉक्टरों की तैनाती से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। अस्पताल में सबसे ज्यादा राहत बर्न यूनिट, कार्डियोलाजी, यूरोलाजी व सर्जरी आदि विभागों में मरीजों को मिलेगी। इन संविदा डॉक्टरों का चयन कालेज में विगत दिनों इंटरव्यू में हुआ था। जिनकी नियुक्ति के लिए अब शासन से अनुमति मिल गई है। अपर निदेशक और एमएस डॉ आरएस बिष्ट ने इसकी पुष्टि की है। बताया कि डॉक्टरों की सूची शासन को भेजी थी।

## डबल मर्डरः कोर्ट में पेशी पर जा रहे बाप–बेटे को गोलियों से भूना

**●हमलावरों ने हाईवे पर 15 गोलियां मार किया कत्ल**



सोनीपत। सोनीपत के खरखौदा में कोर्ट में पेशी पर जा रहे पिता–पुत्र की शुक्रवार सुबह करीब पौने दस बजे नेशनल हाईवे–334बी पर थाना कलां चौक के पास गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। स्कॉर्पियो सवार हमलावरों ने पहले उनकी बाइक को टक्कर मारी और फिर करीब 15 फायर किए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को पांच साल पुराने नितिन सैनी हत्याकांड के प्रतिशोध में अंजाम दिया गया। पुलिस की पांच टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जुटी हैं। गांव गोपालपुर निवासी धर्मबीर सिंह (50) और उनके पुत्र मोहित (25) सोनीपत अदालत में पेशी पर जा रहे थे। मोहित पर वर्ष 2020 में हुई नितिन सैनी की हत्या का मुकदमा दर्ज था। मोहित के दादा और धर्मबीर के पिता बुधराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे तीनों एक साथ बाइक पर निकले थे लेकिन वह थाना कलां चौक के पास उतर गए थे। इसके कुछ देर बाद सामने से आई एक स्कॉर्पियो ने मोहित और धर्मबीर की बाइक को टक्कर मारी जिससे दोनों पुल से नीचे सर्विस लेन पर जा गिरे। बाइक गिरते ही स्कॉर्पियो से खरखौदा निवासी राहुल, रोहतक के हुमायूंपुर निवासी मनीष और एक अन्य युवक निकले और दोनों पर गोलियां बरसाना शुरू कर दीं। करीब 15 गोलियां चलाई गईं, जिनमें से ज्यादातर धर्मबीर और मोहित को लगीं। मोहित के हेलमेट के आर–पार भी गोली चली गई। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर सबूत एकत्र किए और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### उत्तराखंड में 27 से करवट बदल सकता है मौसम, हफ्ते भर में बढ़ेगी ठंड

देहरादून। उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक मौसम शुष्क बना हुआ है। दिनभर तेज धूप खिलने से पारा भी सामान्य से अधिक बना हुआ है। जिससे अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में भी ठंड सामान्य से कम है। हालांकि, आगामी 27 अक्टूबर को ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम का मिजाज बंदलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, आज मौसम शुष्क बना रहने का अनुमान है और तापमान सामान्य से अधिक बना रह सकता है। जबकि, सोमवार के बाद पर्वतीय क्षेत्रों में आंशिक बादल छाने व बूंदाबांदी के आसार हैं। शनिवार को देहरादून समेत आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही चटख धूप खिली रही। सुबह–शाम हल्की ठंडक बनी हुई है, लेकिन दिन में तपिश महसूस की जा रही है। ज्यादातर क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। वहीं, न्यूनतम तापमान भी सामान्य या उससे अधिक है। ऊधमसिंह नगर में पारे में गिरावट आने लगी है। वहीं, पर्वतीय क्षेत्रों में भी सुबह–शाम ठिठुरन बढ़ गई है। अक्टूबर के शुरुआत में सामान्य से अधिक वर्षा होने के बावजूद अंतिम सप्ताह में भी ठंड सामान्य से कम है।

## शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में विराजमान हुए बाबा केदारनाथ

रुद्रप्रयाग। उत्साह, उमंग और आस्था के साथ केदारनाथ भगवान की चल विग्रह पंचमुखी डोली शनिवार को ऊखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर में विराजमान हो गई है। अब आगामी छह माह तक भगवान केदारनाथ की शीतकालीन पूजाएं यहीं संचालित होंगी। 23 अक्तूबर को भैया दूज पर्व पर केदारनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए थे। इसके बाद केदारनाथ की पंचमुखी डोली अपने पहले पड़ाव न्यालसू रामपुर में रात्रि प्रवास के लिए पहुंची। इसके बाद दूसरे दिन डोली विभिन्न पड़ावों को पार करते हुए गुप्तकाशी के विश्वनाथ मंदिर में पहुंची। शनिवार को तड़के से ही केदार बाबा की विशेष पूजाएं आयोजित हुई। वेदपाठियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान केदारनाथ की स्तुति की। पंचांग पूजन के साथ भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली और भगवान विश्वनाथ की विशेष पूजा की। मंदिर के मुख्य पुजारी शांतलिंग ने विश्वनाथ मंदिर में भी विशेष पूजाएं हुई।



सुबह करीब साढ़े आठ बजे सेना की बैंड धुन और सैकड़ों भक्तों के जयकारे के बीच पंचमुखी डोली ने अपने शीतकालीन गद्दीस्थल के लिए प्रस्थान किया। विश्वनाथ मंदिर के बाद सेमी–भैंसारी, विद्यापीठ होते हुए बाबा केदार की डोली तलचुन्नी पहुंची। यहां भक्तों ने पंचमुखी डोली की पूजा कर सामूहिक अर्घ्य लगाया। अपराह्न एक बजे डोली ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में पहुंची। यहां भक्तों ने डोली का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। डोली ने मंदिर की परिक्रमा करने के बाद अपने स्थान पर विराजमान हो गई। इस दौरान जय बाबा केदार, हर–हर महादेव के उदघोष से संपूर्ण ऊखीमठ क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। सेना की मधुर बैंड धुन, भक्तों के जयकारों और मंगल गीतों के साथ डोली मंदिर पहुंचीं। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाबा केदार का पुष्प–अक्षत से स्वागत किया और घर–परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। अब छह माह तक श्रद्धालु अपने बाबा केदार की पूजा यहीं करेंगे। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि केदारनाथ की चल विग्रह पंचमुखी डोली विधि–विधान से ओंकारेश्वर मंदिर में विराजमान हो गई है। कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा–निर्देश में शीतकालीन यात्रा को प्रोत्साहित किया जायेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचकर भगवान केदारनाथ की शीतकालीन पूजाओं में शामिल होने की अपील की। कहा कि केदारनाथ और बदरीनाथ की शीतकालीन पूजाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने प्रदान की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 163.52 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद टिहरी गढ़वाल के धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत लालूरी घियाकोटी क्यादी की चली मोटर मार्ग का पुननिर्माण एवं सुधारीकरण कार्य हेतु रु 4.16 करोड़ के साथ रणकौची मन्दिर, चम्पावत हेतु उत्तराखण्ड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम लि० द्वारा आगणित धनराशि के सापेक्ष 4.57 करोड़ धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।



मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस लाईन रेसकोर्स देहरादून में पेयजल योजना (नई पाईप लाईन एवं ओवर हेड टैंक) के निर्माण कार्य हेतु 05 करोड़, पुलिस लाईन रेसकोर्स देहरादून में टाईप द्वितीय (ब्लॉक–सी) के 120 आवासों के निर्माण हेतु 51 करोड़ तथा लोक सेवा आयोग के भगीरथ आवासीय परिसर में एक बहुमंजलीय इमारत जिसमें टाईप–3 के 20 आवास एवं टाईप–4 के 20 आवास बनाये जाने हेतु 19 करोड, आई०आर०बी० द्वितीय वाहिनी, देहरादून परिसर में टाईप द्वितीय के 120 आवासों के निर्माण हेतु 54 करोड़ के साथ ही राज्य योजना के अन्तर्गत राजभवन, देहरादून में बहुउद्देशीय भवनों का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण सहित) कुल 13.73 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत रूद्रप्रयाग के विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ में श्री केदारनाथ धाम पैदल यात्रा मार्ग में श्री केदारनाथ जी से गरूरचट्टी पैदल मार्ग की छतिग्रस्त दीवारों का पुर्ननिर्माण एवं रैलिंग फिक्सिंग, मलवा सफाई कार्य हेतु 5.22 करोड़, राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के विकासखण्ड पोखड़ा में दमदेवल–गडरी मोटर मार्ग का झलपाड़ी तक पुननिर्माण एवं सुधारीकरण का कार्य हेतु 3.39 करोड़ एवं मुख्यमंत्री घोषणा के तहत जनपद पौडी के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के विकासखण्ड पोखड़ा के अन्तर्गत चलकुड़िया–मसमोली–सकलोनी–नौखोली मोटर मार्ग किमी0 9 से 12 में पुननिर्माण एवं सुधारीकरण कार्य हेतु 3.45 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

### चार संयुक्त निदेशकों को अपर निदेशक पद पर मिली पदोन्नति, आदेश जारी

देहरादून। विद्यालयी शिक्षा विभाग के चार संयुक्त निदेशकों को अपर निदेशक पद पर पदोन्नत किया गया है। शासन ने पदोन्नति संबंधी आदेश जारी किया।

साथ ही सभी अधिकारियों को उनकी नई जिम्मेदारी भी सौंप दी गई है। सचिव शिक्षा रविनाथ रामन के जारी आदेश में गजेंद्र सिंह सोन को पदोन्नत कर उन्हें अपर शिक्षा निदेशक, प्रारभिंक शिक्षा, कुमाऊं मंडल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार कुलदीप गैरोला को अपर शिक्षा निदेशक, निदेशालय प्रारम्भिक शिक्षा का प्रभार दिया गया है। साथ ही अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी गई है। शिव प्रसाद सेमवाल को अपर शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा (कुमाऊं मंडल) पद पर पदोन्नत किया गया है। इसके अलावा आनंद भारद्वाज को अपर शिक्षा निदेशक महानिदेशालय विद्यालयी शिक्षा बनाया गया है। शासन ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल नवीन पद का प्रभार संभालने का निर्देश दिया है।

## भारत को लगातार भड़काने का फायदा नहीं, युद्ध हार जाएगा पाकिस्तानः पूर्व सीआईए अफसर

नई दिल्ली। अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अधिकारी जॉन किरियाकोउ ने साफ–साफ कहा है कि पाकिस्तान भारत के साथ कोई भी कन्वेंशनल युद्ध हार जाएगा और इस्लामाबाद से यह मानने को कहा कि खुली लड़ाई देश के लिए कोई अच्छी बात नहीं है। न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, "भारत और पाकिस्तान के बीच असली युद्ध से कुछ भी, सच में कुछ भी अच्छा नहीं होगा क्योंकि पाकिस्तानी हार जाएंगे। यह इतनी सीधी बात है। वे हार जाएंगे। और मैं न्यूक्लियर हथियारों की बात नहीं कर रहा, मैं सिर्फ एक कन्वेंशनल युद्ध की बात कर रहा हूं और इसलिए भारतीयों को लगातार भड़काने का कोई फायदा नहीं है।"




किरियाकोउ ने सीआईए में 15 साल बिताए और पाकिस्तान में काउंटर टेररिज्म ऑपरेशन को लीड किया। उन्होंने एएनआई को बताया कि अगर वॉशिंगटन ने इजरायली स्टाइल की पॉलिसी अपनाई होती, तो वह पाकिस्तान के न्यूक्लियर प्रोग्राम के सेंटर में रहने वाले साइंटिस्ट और न्यूक्लियर प्रोलिफरेशन के लिए पहचाने जाने वाले अब्दुल कदीर खान को मार सकता था। हालांकि, उन्होंने कहा कि ए.क्यू. खान को सऊदी सरकार का सपोर्ट था, जिसने यूनाइटेड स्टेट्स से उन्हें अकेला छोड़ने के लिए कहा था। पूर्व ऑफिसर ने याद किया कि 2002 में पाकिस्तान में अपनी पोस्टिंग के दौरान उन्हें अनऑफिशियली बताया गया था कि पेंटागन पाकिस्तान के न्यूक्लियर हथियारों पर कंट्रोल रखता है।

उन्होंने कहा कि तब से पाकिस्तान के अंदर विचार सख्त हो गए हैं, पाकिस्तानी अधिकारी पब्लिकली इस बात पर जोर दे रहे हैं कि हथियारों पर सिर्फ उनके जनरलों का ही कंट्रोल है। उन्होंने कहा, "पाकिस्तानी न्यूक्लियर हथियारों से यूनाइटेड स्टेट्स का कोई लेना–देना नहीं है, पाकिस्तानी जनरल ही इसे कंट्रोल करते हैं।" जब पूछा गया कि क्या अमेरिकियों ने कभी भारत को अमेरिका की कथित भूमिका के बारे में बताया था, तो किरियाकोउ ने कहा कि उन्हें इस पर शक है। उन्होंने आगे कहा कि उस समय स्टेट डिपार्टमेंट दोनों तरफ से संयम बरतने की अपील कर रहा था, असल में यह सलाह दे रहा था कि अगर लड़ाई जरूरी हो तो उसे छोटा और पूरी तरह से पारंपरिक रखा जाना चाहिए, क्योंकि न्यूक्लियर हथियारों के आने से सभी के लिए स्थिति बदल जाएगी।

किरियाकोउ ने न्यूक्लियर जबरदस्ती पर भारत के बताए गए रुख की ओर भी इशारा किया, और कहा कि नई दिल्ली ने चेतावनी दी है कि वह न्यूक्लियर ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा और किसी भी आतंकी हमले का कड़ा जवाब देगा।

## राममंदिर का फैसला रद्द कराने पहुंचे वकील को कोर्ट ने दिया 6 लाख का झटका

नई दिल्ली। पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के बयान को आधार बनाते हुए राममंदिर फैसले को रद्द कराने की मांग करने वाले एक वकील को अदालत से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की एक अदालत ने वकील महमूद प्राचा पर छह लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया है। दिल्ली की एक जिला अदालत से प्राचा ने 2019 के फैसले को अमान्य घोषित करने की मांग की थी, जिसे हाल ही में खारिज कर दिया गया। प्राचा ने जिला अदालत में उस आदेश के खिलाफ याचिका दायर की, जिसमें अदालत ने उनके दीवानी मुकदमे को नामंजूर कर दिया था। प्राचा ने दावा किया पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ (राममंदिर पर फैसला देने वाले पांच जजों में से एक) ने पिछले साल स्वीकार किया कि अयोध्या का निर्णय में उन्होंने वह समाधान दिया जो भगवान श्री राम लला



विराजमान ने उन्हें सुझाया, देवता खुद इस मुकदमें में एक पक्षकार बनाए गए थे। पटियाला हाउस कोर्ट में जिला जज धर्मेंद्र राणा ने कहा कि प्राचा की याचिका का कोई ठोस आधार नहीं। यह भ्रमित और अदालत का समय बर्बाद करने के लिए दायर की गई थी। अदालत ने प्राचा पर 6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जिला अदालत ने ट्रायल कोर्ट की ओर से लगाए गए एक लाख के जुर्माने में 5 लाख का इजाफा करते हुए 6 लाख भरने को कहा। अदालत ने कहा कि ट्रायल कोर्ट की ओर से लगाया गया जुर्माना अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सका। इसलिए इस तरह के फिजूल मुकदमों को रोकने के लिए जुर्माने की राशि बढ़ाई जानी चाहिए। गौरतलब है कि अपने भाषण में (जिसका अंग्रेजी अनुवाद आदेश में शामिल किया गया), पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने 'रामलला' का उल्लेख नहीं किया, बल्कि केवल यह कहा था कि उन्होंने अयोध्या मामले में समाधान के लिए भगवान से प्रार्थना की थी। मशहूर वकील प्राचा ने एक दीवानी वाद दायर कर यह घोषित करने की मांग की थी कि 2019 का अयोध्या फैसला शून्य है। उन्होंने मामले की फिर से सुनवाई की मांग की थी और अपने मुकदमे में श्री रामलला विराजमान को भी प्रतिवादी बनाया था और उनके अभिभावक प्रतिनिधि के रूप में पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ का नाम डाला था। ट्रायल कोर्ट ने अप्रैल 2025 में प्राचा की याचिका खारिज कर दी और न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग के लिए उन पर 1 लाख का जुर्माना लगाया। प्राचा ने इस आदेश को जिला न्यायालय में चुनौती दी। 18 अक्टूबर 2025 को जिला न्यायाधीश राणा ने फैसला सुनाया। उन्होंने अयोध्या के फैसले और पूर्व सीजेआई के भाषण दोनों के अंश का उल्लेख करते हुए कहा, 'चंद्रचूड़ का भगवान से प्रार्थना करने का उल्लेख एक आध्यात्मिक भावना का प्रतीक था, न कि पक्षपात या बाहरी दखल का प्रमाण।'

### 23 करोड़ से बनी सड़क का एक साल में ही डामर उखड़ा, गड्ढों में तब्दील

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ में 23 करोड़ से बनी सड़क पर एक साल में ही डामर उखड़ गया। मिट्टी में सीमेंट मिलाकर कॉजवे और सुरक्षा दीवारों का निर्माण किया गया है। ऐसे में यह सड़क हमारा कब तक साथ देगी, यह कहा बोना क्षेत्र के लोगों ने 115 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय पहुंचकर। लोगों ने डीएम को ज्ञापन देकर इस मामले की जांच की मांग की। कहा इस सड़क पर भारी अनियमितता बरतकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। बोना क्षेत्र के लोगों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगत मतीलिया के नेतृत्व में डीएम को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि मदकोट से बोना तक 23 करोड़ रुपये से सड़क का निर्माण हुआ है। बीते वर्ष इस सड़क पर डामर किया गया। एक साल में ही डामर उखड़कर सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है।

**जमानत पर छूटा आरोपी अराजकता पर उतारू**

## पहले छेड़छाड़, फिर तीन वाहनों को लगाई आग


नैनीताल। दिल्ली में हत्या के मामले में जमानत पर छूटा आरोपी अराजकता पर उतारू है। महिला के घर में घुसकर छेड़छ-ड़ की कोशिश के बाद उसने सामिया लेक सिटी के गेट पर खड़ी दो शिक्षिकाओं की स्कूटी समेत तीन वाहनों में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसके बाद आरोपी भाग गया। गनीमत रही कि आसपास मौजूद लोगों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। दिल्ली निवासी रवि यादव काशीपुर रोड स्थित सामिया लेक सिटी में रह रहा है। शनिवार की सुबह वह कॉलोनी के गेट पर बोतल में पेट्रोल लेकर पहुंचा और वाहनों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसमें निजी स्कूल की दो शिक्षिकाओं की स्कूटी और एक बाइक आंशिक रूप से जल गईं। सुरक्षा गार्डों ने विरोध किया तो उनसे



मारपीट कर एक गार्ड की वर्दी उतरवा दी। हंगामा होने पर कालोनी के लोग एकत्र हुए तो आरोपी अपनी कार से फरार हो गया। कालोनी के लोगों का कहना है कि आरोपित पूर्व में रुद्रपुर कोतवाली से तमंचे में जेल जा चुका है। उसने महिला से छेड़छाड़ की और लोगों को तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी दी थी। उनके अपनी हरकतों से पूरे इलाके के लोगों को परेशान कर रखा है।

## सीएम योगी ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डोमेस्टिक टर्मिनल, सुरक्षा प्रबंध, उद्घाटन स्थल और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद एयरपोर्ट के बोर्डरूम में जिला प्रशासन, पुलिस और निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गई। सीएम ने कहा कि नोएडा एयरपोर्ट प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा। उन्होंने सभी कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और यात्री सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उद्घाटन समारोह की तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता अस्वीकार्य है। सीएम योगी ने एयरपोर्ट परिसर की सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और जनसभा स्थल की




व्यवस्था का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों को सुगम और सुरक्षित अनुभव मिले, और सभी निर्माण कार्य उच्च मानकों के अनुरूप समय पर पूरे किए जाएं।

**गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर**

निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने निर्देश दिए कि एयरपोर्ट निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और समन्वय सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण और सुरक्षा कार्य उच्च मानकों के अनुरूप संपन्न कराए जाएं और उद्घाटन समारोह की तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम ने सुरक्षा व्यवस्था को पूर्ण रूप से सुदृढ़ और चाक–चौबंद रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यात्री सुविधा, सौंदर्यीकरण और स्वच्छता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके अलावा, एयरपोर्ट से जुड़ी सड़क और मेट्रो लिंक परियोजनाओं को भी समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया।

### अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

बागपत। यूपी में बुलडोजर ऐक्शन जारी है। बागपत जिले के टीकरी कस्बे में श्मशान घाट की ढाई बीघा जमीन पर कब्जा कर बनाए गए 15 मकानों में 12 को प्रशासन की टीम ने शनिवार को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। वही तीन परिवारों के पास कोई मकान नही है। जब तक उनके कोई मकान या पट्टा नही मिल जाता वे परिवार वही मकानों में रहेंगे। टीकरी कस्बे में 5 बीघा से अधिक श्मशान घाट की भूमि है। वर्ष 2008 में कुछ लोगों ने श्मशान घाट की करीब ढाई बीघा जमीन पर अतिक्रमण कर मकान बना लिए थे। इन मकानों को हटवाने की मांग को लेकर कस्बावासी 39 दिन से धरना देकर बैठे हुए हैं। धरना दे रहे लोगों का कहना है कि न्यायालय के आदेश के बाद भी अतिक्रमण नही हटवाया जा रहा। वहीं प्रशासन ने इन्हें आश्वासन दिया था कि त्योहार के बाद अतिक्रमण हटवाया जाएगा। शनिवार को नायब तहसीलदार विनोद कुमार, कानूनगो विक्रम सिंह, लेखपाल धर्मेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष दोघट सूर्यदीप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस–प्रशासन की मौजूदगी में श्मशान घाट की भूमि पर बने 15 मकानों में से 12 मकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया।

## कहां हैं 12 हजार स्पेशल ट्रेनें? दरवाजों और छतों तक लटके हैं लोग, राहुल गांधी ने सरकार को घेरा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने त्योहारों के मौसम में कई रेलगाड़ियों में यात्रियों की भीड़ होने को लेकर सरकार पर निशाना साधा। शनिवार को उन्होंने आरोप लगाया कि फेल डबल इंजन सरकार के दावे खोखले साबित हुए हैं। यह सवाल भी किया कि 12,000 स्पेशल ट्रेनें कहां हैं? रेल मंत्रालय ने 1 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2025 तक निर्धारित 12,011 रेल यात्राओं की सूची पिछले दिनों जारी की थी। इसमें बताया गया कि त्योहारों के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए देश के विभिन्न स्थानों से प्रतिदिन औसतन 196 विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। अब तक एक दिन में संचालित विशेष रेलगाड़ियों की सबसे अधिक संख्या 18 अक्टूबर को लगभग 280 थी, जबकि सबसे कम 8 अक्टूबर को



लगभग 166 थी। राहुल गांधी ने कुछ रेलगाड़ियों में यात्रियों की भीड़ से जुड़े वीडियो साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, 'त्योहारों का महीना है – दिवाली, भाईदूज, छठ। बिहार में इन त्यौहारों का मतलब सिर्फ आस्था नहीं, घर लौटने की लालसा है – मिट्टी की खुशबू, परिवार का स्नेह, गांव का अपनापन। लेकिन यह लालसा अब एक संघर्ष बन चुकी है।' राहुल गांधी ने कहा कि बिहार जाने वाली ट्रेनें ठसाठस भरी हैं। टिकट मिलना असंभव है और सफर अमानवीय हो गया है। कई ट्रेनों में क्षमता से 200 प्रतिशत तक यात्री सवार हैं। लोग दरवाजों और छतों तक लटके हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि फेल डबल इंजन सरकार के दावे खोखले हैं।

**राहुल गांधी ने उठाए गंभीर सवाल**

कांग्रेस नेता गांधी ने सवाल किया, 'कहां हैं 12,000 स्पेशल ट्रेनें? क्यों हालात हर साल और बदतर ही होते जाते हैं। क्यों बिहार के लोग हर साल ऐसे अपमानजनक हालात में घर लौटने को मजबूर हैं?'

## धीरे–धीरे कम होंगे डार्क सर्कल्स, अपनाएं ये दो मिनट की असरदार फेस एक्सरसाइज

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में हम सेहत को पीछे छोड़ते हुए जा रहे हैं। खासकर मानसिक थकान, नींद की कमी और गलत खानपान की वजह से हमारी त्वचा और आंखों के नीचे पड़ने वाले काले घेरे यानी डार्क सर्कल्स एक आम समस्या बन चुके हैं। चाहे वो ऑफिस में लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठना हो या फिर देर रात तक मोबाइल चलाना, इन सब चीजों के कारण डार्क सर्कल्स और भी गहरे होते जाते हैं, जो चेहरे की खूबसूरती को बिगाड़ते हैं। ऐसे में हर कोई इससे निजात पाना चाहता है, वो भी बिना किसी महंगे इलाज या केमिकल प्रोडक्ट्स के। आयुष मंत्रालय और योग विशेषज्ञों के अनुसार, कुछ आसान घरेलू उपाय और फेस एक्सरसाइज न केवल डार्क सर्कल्स से राहत दिला सकती हैं, बल्कि चेहरे की त्वचा को भी जवान और दमकता हुआ बना सकती हैं। इन्हीं में से एक बेहद सरल लेकिन प्रभावी उपाय है चेहरे की एक खास एक्सरसाइज, जिसे आप दिन में कभी भी कर सकते हैं। इस एक्सरसाइज को न तो किसी खास उपकरण की जरूरत होती है, न ही किसी महंगे ब्यूटी ट्रीटमेंट की।

इस एक्सरसाइज की शुरुआत गुनगुने पानी से होती है। सबसे पहले, एक गिलास हल्का गुनगुना पानी लें और उसे मुंह में भर लें। अब, मुंह में पानी भरे रहने के दौरान अपने चेहरे की सभी मांसपेशियों को जितना हो सके टाइट करें। इस स्थिति में करीब दो मिनट तक रुकें। इसके बाद पानी को बाहर निकाल दें। दिखने में यह एक्सरसाइज जितनी आसान लगती है, असर में यह उतनी ही दमदार है।

यह प्रक्रिया चेहरे की भीतरी मांसपेशियों को हल्की स्ट्रेच देती है, जिससे वहां ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। जब चेहरे की कोशिकाओं तक भरपूर ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचते हैं, तो त्वचा स्वाभाविक रूप से स्वस्थ और दमकती दिखती है। आंखों के नीचे की सूजन धीरे–धीरे कम होने लगती है और काले घेरे हल्के पड़ने लगते हैं। इसके अलावा, चेहरे को टाइट करने से स्किन की टोनिंग होती है, जिससे झुर्रियों की शुरुआत भी रोकी जा सकती है।

इस एक्सरसाइज को रोजाना दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी जाती है, खासकर उनके लिए जो दिनभर स्क्रीन के सामने रहते हैं या जिनकी नींद पूरी नहीं हो पाती। ऐसे लोगों में डार्क सर्कल्स का खतरा कई गुना ज्यादा होता है, क्योंकि लगातार थकान और नींद की कमी से आंखों के नीचे की त्वचा सबसे पहले प्रभावित होती है।

फेस टाइटनिंग एक्सरसाइज न केवल इस क्षेत्र की मांसपेशियों को मजबूत करती है, बल्कि मानसिक सुकून भी देती है। जब हम इसे करते हैं, तब हम अनजाने में कुछ देर के लिए गहरी सांसें भी लेने लगते हैं, जिससे शरीर और दिमाग को शांति मिलती है। यह भी एक वजह है कि इसे एक तरह का माइक्रो मेडिटेशन भी कहा जा सकता है, जो चेहरे पर भी असर करता है और मन पर भी।

## पीठ की अकड़न को दूर करने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे

पीठ की अकड़न एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है। यह समस्या अक्सर लंबे समय तक एक ही स्थिति में बैठने, सोने या गलत तरीके से उठने–बैठने के कारण होती है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप पीठ की अकड़न से राहत पा सकते हैं।

**गर्म सिकाई करें**

पीठ की अकड़न को दूर करने में गर्म सिकाई बहुत असरदार हो सकती है। इसके लिए एक गर्म पानी की बोतल या फिर गर्म पैड का इस्तेमाल करें। इसे प्रभावित हिस्से पर 15–20 मिनट तक रखें। इससे खून का दौरा बढ़ता है और मांसपेशियों को आराम मिलता है। ध्यान रखें कि गर्म सिकाई करते समय पानी बहुत गर्म न हो, ताकि त्वचा को नुकसान न पहुंचे। दिन में 2–3 बार इस प्रक्रिया को दोहराएं।

**हल्दी वाले दूध का सेवन करें**

हल्दी वाला दूध सूजन कम करने वाले गुणों से भरपूर होता है, जो पीठ की अकड़न को कम करने में मदद कर सकता है। एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी पाउडर मिलाकर पीएं। इससे शरीर के अंदरूनी सूजन कम होती है और आराम मिलता है। इसे रोजाना रात को सोने से पहले पीने से बेहतर परिणाम मिलते हैं। इस नुस्खे को नियमित रूप से अपनाने पर पीठ की अकड़न में काफी सुधार हो सकता है।

**अदरक का रस लगाएं**

अदरक का रस प्राकृतिक दर्द निवारक और सूजन कम करने वाले गुणों से समृद्ध होता है, जो पीठ की अकड़न को दूर करने में सहायक है। अदरक का रस निकालकर उसे प्रभावित हिस्से पर हल्के हाथों से मालिश करें। इससे खून का दौरा बेहतर होता है और मांसपेशियां ढीली होती हैं, जिससे अकड़न कम होती है। इस प्रक्रिया को दिन में 2 बार दोहराएं ताकि आपको जल्दी राहत मिल सके और आपकी पीठ को आराम मिले।

**नींबू के रस का सेवन करें**

नींबू का रस विटामिन से भरपूर होता है, जो शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को मजबूत करने के साथ–साथ मांसपेशियों की अकड़न को दूर करने में मदद करता है। एक गिलास गर्म पानी में आधा नींबू निचोड़कर पीएं।

# कांग्रेस पूरी तरह से राहुल पर निर्भर

**अजीत द्विवेदी**

ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से राहुल गांधी पर निर्भर होती जा रही है। उनके बगैर कांग्रेस में न तो कोई फैसला हो पा रहा है और न कोई राजनीतिक गतिविधि चल पा रही है। यहां तक कि खुद राहुल की ओर से जो एजेंडा स्थापित किया जा रहा है उसको भी कांग्रेस के नेता आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं। उसके लिए भी राहुल का इंतजार हो रहा है। सोनिया गांधी के समय तक यह स्थिति नहीं थी। फैसलों के लिए जरूर सोनिया गांधी पर कांग्रेस की निर्भरता थी लेकिन बाकी राजनीतिक गतिविधियां स्वाभाविक रूप से चलती थीं। प्रदेशों के नेता वहां की जरुरत के हिसाब से काम करते थे। कांग्रेस जहां सरकार में थी वहां सरकार के कामकाज होते थे और जहां विपक्ष में होती थी वहां वह मजबूती से विपक्ष की भूमिका निभाती थी। जिन राज्यों में चुनाव होते थे वहां कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व चुनाव की तैयारी करता था। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस की सरकारों का कामकाज, पार्टी की राजनीतिक गतिविधियां और चुनाव अभियान सब कुछ अकेले राहुल गांधी पर निर्भर है।

इसे कांग्रेस की राजनीति पर नरेंद्र मोदी का प्रभाव कह सकते हैं। जिस तरह से नरेंद्र मोदी अकेले भाजपा की हर राज्य सरकार का संचालन करते हैं, हर राज्य की राजनीति संभालते हैं और लोकसभा से लेकर विधानसभा और नगर निगम के चुनाव लड़ाते हैं, यहां तक कि हर ट्रेन को हरी झंडी भी खुद ही दिखाते हैं उसी तरह कांग्रेस में राहुल गांधी की स्थिति हो गई है। फर्क यह है कि भाजपा में संगठन का एक बड़ा ढांचा है, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के लोग हैं और नरेंद्र मोदी के पास अमित शाह हैं। इसके अलावा भी मोदी और शाह के दिशा निर्देश पर काम करने वाली प्रतिबद्ध लोगों की एक टीम भी है, जो राजनीतिक अभियानों को आगे बढ़ाती है तो बड़ी सफलता के साथ चुनाव प्रबंधन का भी काम करती है। बाकी सरकार में होने की जो सुविधाएं हैं वह तो अपनी जगह हैं ही। मुश्किल यह है कि राहुल गांधी के पास इनमें से कुछ भी नहीं है। तभी सब कुछ उनको खुद करना होता है और अगर वे नहीं होते हैं यानी विदेश चले जाते हैं या छुट्टी पर होते हैं तो पूरी कांग्रेस पार्टी छुट्टी पर चली जाती है।

जैसे अभी राहुल गांधी करीब दो हफ्ते के लिए दक्षिण अमेरिका के दौरे पर गए तो कांग्रेस पार्टी में सब कुछ ठहर गया। बिहार में विधानसभा चुनाव हो रहा है लेकिन राजद के साथ सीट बंटवारे की बातचीत अटकी रही तो कांग्रेस का प्रचार अभियान भी शुरू नहीं हुआ। राहुल जब दक्षिण अमेरिका के दौरे पर थे उसी समय चुनाव आयोग ने बिहार की अंतिम मतदाता सूची जारी की। योगेंद्र यादव जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं और बिहार में सीपीआई एमएल ने इसमें गड़बड़ियों का मुद्दा उठाया। खबर है कि करीब 10 हजार मतदाता ऐसे हैं, जिनके नाम काटते वक्त यह नहीं बताया गया है कि किस वजह से उनका नाम कटा है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने नाम काटने की तीन श्रेणियां बनाई हैं। एक श्रेणी मृत लोगों की है, दूसरी स्थायी रूप से शिफ्ट कर गए लोगों की है और तीसरी जिनके नाम एक से ज्यादा जगहों पर था। लेकिन 10 हजार नामों को इनमें से किसी श्रेणी में नहीं रखा गया है और नाम काट दिया गया है।

सोचें, राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को कितना बड़ा मुद्दा बनाया था! वे दो हफ्ते तक बिहार में रहे थे और 23 जिलों की यात्रा की थी। कांग्रेस के साथ साथ उन्होंने राजद, लेफ्ट, वीआईपी सबको साथ रखा और दो हफ्ते तक इसी काम में लगाए रखा। लेकिन जब एसआईआर का काम अंतिम नतीजे पर पहुंचा यानी अंतिम मतदाता सूची आई तो राहुल गांधी भी गायब और पार्टी भी नदारद। न तो दक्षिण अमेरिका से राहुल गांधी का कोई बयान आया और न प्रदेश में उनकी पार्टी ने कोई विरोध प्रदर्शन किया। चुनाव आयोग ने अंतिम मतदाता सूची जारी करते हुए कहा था कि 10 अक्टूबर को पहले चरण की अधिसूचना जारी होने से पहले तक नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया जा सकता है। हकीकत यह है कि 10 अक्टूबर तक नाम जोड़ने का एक भी आवेदन नहीं आया। क्या अब भी राहुल गांधी एसआईआर में गड़बड़ी और 'वोट चोरीः के आरोप लगाएंगे ?चुनाव आयोग ने जिस समय बिहार में विधानसभा चुनाव की घोषणा की उस समय भी राहुल गांधी देश से बाहर थे। कायदे से तो चुनाव की घोषणा से पहले ही गठबंधन में घटक दलों के साथ सीटों का बंटवारा तय हो जाना चाहिए था। लेकिन चुनाव की घोषणा के बाद भी यह काम अटका रहा। कांग्रेस के नेताओं ने किसी तरह से इस बारे में फैसला नहीं होने दिया। भाजपा के गठबंधन एनडीए में भी देरी हुई लेकिन वहां यह काम प्रदेश के नेता, संगठन प्रभारी और चुनाव प्रभारी करते रहे, जबकि कांग्रेस में राहुल का इंतजार होता रहा। कांग्रेस की ओर से कहा जा सकता है कि राहुल की गैरहाजिरी का इस्तेमाल कांग्रेस दबाव डालने के लिए कर रही थी। लेकिन वह हकीकत नहीं है। कांग्रेस हर छोटे बड़े फैसले के लिए राहुल का मुंह देख रही है।



**कांग्रेस की राजनीति पर नरेंद्र मोदी का प्रभाव कह सकते हैं। जिस तरह से नरेंद्र मोदी अकेले भाजपा की हर राज्य सरकार का संचालन करते हैं, हर राज्य की राजनीति संभालते हैं और लोकसभा से लेकर विधानसभा और नगर निगम के चुनाव लड़ाते हैं, यहां तक कि हर ट्रेन को हरी झंडी भी खुद ही दिखाते हैं उसी तरह कांग्रेस में राहुल गांधी की स्थिति हो गई है। फर्क यह है कि भाजपा में संगठन का एक बड़ा ढांचा है, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के लोग हैं और नरेंद्र मोदी के पास अमित शाह हैं। इसके अलावा भी मोदी और शाह के दिशा निर्देश पर काम करने वाली प्रतिबद्ध लोगों की एक टीम भी है, जो राजनीतिक अभियानों को आगे बढ़ाती है तो बड़ी सफलता के साथ चुनाव प्रबंधन का भी काम करती है। बाकी सरकार में होने की जो सुविधाएं हैं वह तो अपनी जगह हैं ही। मुश्किल यह है कि राहुल गांधी के पास इनमें से कुछ भी नहीं है। तभी सब कुछ उनको खुद करना होता है और अगर वे नहीं होते हैं यानी विदेश चले जाते हैं या छुट्टी पर होते हैं तो पूरी कांग्रेस पार्टी छुट्टी पर चली जाती है।**

हरियाणा में दलित समाज के आईपीएस वाई पूरन कुमार ने गोली मार कर खुदकुशी कर ली, जिस पर करीब आठ दिन विवाद चला। पूरन कुमार की आईएएस पत्नी अमनीत कुमार ने पति के शव का पोस्टमॉर्टम रूकवा दिया और कहा कि जब तक राज्य के पुलिस महानिदेशक और रोहतक के पूर्व एसपी को गिरफ्तार नहीं किया जाता है तब तक वे पोस्टमॉर्टम नहीं होने देंगी। इसे लेकर चंडीगढ़ में वाल्मिकी समाज ने महापंचायत की। विवाद इतना बढ़ गया कि 17 अक्टूबर को राज्य सरकार के एक साल पूरे होने पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने का कार्यक्रम रद्द हुआ। इस दौरान आम आदमी पार्टी पूरे पंजाब में कैंडल मार्च करती रही और भाजपा को दलित विरोधी ठहराने की राजनीति करती रही। लेकिन इस दौरान कांग्रेस पार्टी नदारद रही। राहुल गांधी विदेश से लौटे तो वे चंडीगढ़ गए और तब कांग्रेस पार्टी एक्शन में आई। सोचें, पंजाब और हरियाणा दोनों राज्यों में कांग्रेस मुख्य विपक्षी पार्टी है। उसका संगठन भी मजबूत है। हरियाणा में करीब 20 फीसदी और पंजाब में 30 फीसदी से ज्यादा दलित आबादी है। पिछले कुछ दिनों से राहुल गांधी दलित राजनीति साधने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। लेकिन इस मामले में भी उनकी पार्टी उनके भरोसे बैठी रही।

अगले साल पश्चिम बंगाल और असम के साथ साथ पांच राज्यों के चुनाव हैं। लेकिन केरल छोड़ कर राहुल गांधी का भी कहीं का दौरा नहीं हुआ है। ध्यान नहीं आ रहा है कि वे आखिरी बार पश्चिम बंगाल कब गए थे। असम गए हए भी उनको कितना समय हो गया यह शायद उनको भी ध्यान नहीं होगा। एक तो वे खुद भी मोदी और शाह की तरह मेहनत नहीं कर पाते हैं और न 365 दिन 24 घंटे राजनीति में रमे रहते हैं और दूसरे उनकी पार्टी बिना उनके किसी राजनीतिक अभियान की कल्पना ही नहीं करती है। विपक्ष को जिस तरह से आक्रमक और सक्रिय रहना चाहिए वैसी आक्रमकता और सक्रियता सत्तारूढ़ दल में दिखती है, जबकि मुख्य विपक्षी पार्टी आलस की मारी दिखाई देती है। इसके बाद अगर चुनाव हार जाते हैं तो चुनाव आयोग, मतदाता सूची, ईवीएम, 'वोट चोरीः आदि की कहानी शुरू हो जाती है।

# मोदी—भाजपा—संघ की यह आखिरी देन तय

**हरिशंकर व्यास**

सोचें, भारत में सामाजिक (हिंदू) समरसता का कौन सा मॉडल प्रदेश है? मेरा मानना है मध्य प्रदेश! और वहां अभी क्या हल्ला हुआ? भाजपा ने ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ा कर 27 प्रतिशत करने के कमलनाथ सरकार के पुराने फैसले पर सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद की है कि "कांग्रेस कई वर्षों तक सत्ता में रही लेकिन उसने किसी वर्ग के साथ न्याय नहीं किया। अब मामला सुप्रीम कोर्ट में है और हमें न्यायपालिका पर भरोसा है। हमें उम्मीद है कि अदालत मध्यप्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी देगी"। अर्थात भाजपा/संघ परिवार/ मोहन यादव सरकार राज्य की ओबीसी (51 प्रतिशत), अनुसूचित जाति (एससी) 15.6 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति (एसटी) 21.1 प्रतिशत के तीनों वर्गों की राज्य में कथित 87 प्रतिशत आबादी के अनुपात में आगे आरक्षण का झुनझुना/रोडमैप सोचे हुए है। और यह सब मोदी सरकार की 11 वर्षों की राजनीति का नतीजा है। जैसे भी हो सत्ता बनाए रखने की जिद् की इस राजनीति ने कांग्रेस और राहुल गांधी को यदि "जितनी आबादी, उतना हक़" के एजेंडे की ओर धकेला है तो सुप्रीम कोर्ट तथा जनगणना से भाजपा हिंदू समाज को आगे और बिखेरने वाली है।कैसे? मोदी सरकार 2027 में जनगणना कराएगी। अंग्रेजों की कराई 1931 की जाति जनगणना के लगभग सौ साल बाद स्वतंत्र भारत की पहली बार फिर जाति जनगणना होगी।

यह जनगणना जाति के साथ उपजाति, पिछड़े, अतिपिछड़े जैसे अलग–अलग समूहों के खांचों में होगी। जैसे कर्नाटक में सिद्धारमैया सरकार लिंगायतों को बांटने, हिंदू धर्म से उन्हें अलग करने, लिंगायत के भीतर लिंगायत बनाम वीरशैव का झगड़ा बनाने की कोशिश में है वैसे ही अगली जनगणना में पिछड़ों में अति पिछड़ों का वर्गीकरण भी बनेगा। मतलब अति पिछड़ों के वर्गीकरण में यदि हिंदू जाट की उपजातियों जैसे बैंस, भुल्लर, अटवाल आदि की आर्थिक हैसियत के आगे पिछड़े, अति पिछड़े जाट के समूह बने तो आश्चर्य नहीं होगा! क्योंकि जाति जनगणना के पीछे एकमेव मंत्र 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले हिंदुओं को इतना और बांटना है कि मोदी नए वर्ण विभाजन के फार्मूलों में योजना, स्कीम बना कर लोगों के खाते में पैसे डालने के नए फैसले ले सकें, जिससे वोट पके। मतलब ताजा बिहार मॉडल की तरह 2029 में अखिल भारतीय स्तर पर बांटो, लडाओ (जातीय पहचान–हक–आरक्षण की भूख में) के साथ स्कीमों व आरक्षण के जरिए वोट पटाने का महाअभियान!

मतलब राहुल गांधी, कांग्रेस, तेजस्वी याकि जातीय–क्षेत्रिय राजनीति के धुरंधरों की पिछड़ा–दलित–आदिवासी राजनीति को जनगणना और उसके बाई प्रोडक्ट की योजनाओं–घोषणाओं–झांसों के महाप्रोपेगेंडा से खारिज करा देना।भयावह सिनेरियो है। मगर अंग्रेजों ने जैसे 1905 में बंग–भंग से बीज बो कर 1947 में हिंदू–मुस्लिम विभाजन तय कराया वैसे नरेंद्र मोदी दिल्ली के वे आखिरी हिंदू शासक संभावी हैं, जिनकी जातीय जनगणना और जातीय आरक्षण की आग में हिंदू राष्ट्रवाद वैसे ही मिट्टी में मिलेगा देने जैसे पृथ्वीराज चौहान के आखिरी शासन की आखिरी हिंदू सत्ता थी! विदेशी गुलामी से पहले की!सोचें, हिंदू मोदी राज में कैसा–क्या है? आरक्षण व्यवस्था लागू होने के 75 वर्ष बाद भारत का दलित चीफ जस्टिस, दलित आईपीएस एडीजीपी, एक दलित कांस्टेबल की हालिया प्रतिनिधि घटनाओं, व्यवहार, अनुभव से क्या यह नहीं मालूम होता कि आरक्षण व्यवस्था पूरी तरह फेल है! इसने हिंदू समाज में समानता की बजाय समरसता, परस्पर मान–सम्मान, सद्भावपूर्ण व्यवहार को न केवल और खराब किया है, बल्कि जातीय पूर्वाग्रहों, वैमनस्य, दुराव, नीचताओं की हद पार करा दी है। सचमुच हर हिंदू को ("जितनी आबादी, उतना हक़" का सामाजिक न्याय चाहने वालों को अवश्य) हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस एडीजीपी पुरण कुमार के सुसाइड नोट तथा घटना के बाद उनकी पत्नी आईएएस अधिकारी अनमित कुमार की शिकायत–एफआईआर को पढ़ना चाहिए। समझ आएगा कि आरक्षण की व्यवस्था ने हिंदू समाज को मानसिक उत्पीडन की भ्‌ी बना दिया है। पूरा समाज, पूरी आबादी जल रही है, खोखला गई है। जिसे आरक्षण मिला और जिसे नहीं मिला, सभी भूख, उत्पीडन, जलालत, भेदभाव की भ्‌ी में जलते हुए है। सोचें, भारत के चीफ जस्टिस गवई पर! भारत राष्ट्र की सत्ता–व्यवस्था के एक स्तंभ न्यायपालिका के प्रमुख। वे आरक्षण से नहीं बने। पर आरक्षण से चिन्हित हुई जाति के वे पर्याय दलित हैं तो उन पर जूता फेंकना सोशल मीडिया में आज तर्कसंगत व प्रशंसनीय है या फिर हिंदू धर्म को गालियां हैं तो सत्य क्या जाहिर? पूरा समाज ही आरक्षण से मानसिक रोगी है। सोचें, तब भारत राष्ट्र–राज्य कैसा रोगी, खोखला, अशक्त और असहाय है!

इसे नई उंचाईयां मोदी राज से हैं। नरेंद्र मोदी से पहले तक कांग्रेस, भाजपा, लेफ्ट के राष्ट्रीय राजनीति के नैरेटिव में मंडल–कमंडल दोनों सीमाबद्ध थे। पर अब यदि राहुल गांधी का "जितनी आबादी, उतना हक़" का पागलपन है तो वजह मोदी–शाह द्वारा जात राजनीति, पिछड़ावाद से वोट प्रबंधन हैं। मोदी सरकार ने पूरी राजनीति को ही जब धर्म, जात, पैसे और लोगों को गंवार बनाने के प्रोपेगेंडा की फैक्टरी में कनवर्ट कर दिया है तो विपक्ष क्या करेगा? यह नोट रखें कि जो दिशा है उसमें मोदी सरकार सुप्रीम कोर्ट से आरक्षण की सीमा 75–84 प्रतिशत (मतलब जितनी आबादी, उतना हक़) बढ़वा देगी। वही जातीय जनगणना के बाद फिर 2029 के चुनाव में प्राइवेट क्षेत्र में आरक्षण लागू कराने का वादा होगा! इसलिए क्योंकि चुनाव किसी भी सूरत में जीतना है। फिर यों भी भारत को आगे बुद्धि, काबलियत की जरूरत नहीं है। अमेरिकी कंपनियों की एआई (कृत्रिम बुद्धि–काबलियत) से ही भारत चलना है।सो मोदी–भाजपा–संघ की यह आखिरी देन तय है जो भारत हर तरह से गुलाम, अक्षम, नाकाबिल और पूरी तरह से जातियों–धर्म की जिद्द में लड़ता–झगड़ता–मनोरोगी होगा!

## कामेडी से भरपूर सिंगल सलमा का ट्रेलर रिलीज, अरेंज मैरिज और प्यार के बीच फंसी हुमा



हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह की कामेडी–ड्रामा फिल्म सिंगल सलमा का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। शादी को केंद्र में रखते हुए सिंगल सलमा एक ट्रैंगल कामेडी–ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर में भरपूर कामेडी और ड्रामा देखने को मिल रहा है। 2 मिनट 16 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक वाइस ओवर और लखनऊके रूमी दरवाजा के साथ होती है। इस वाइस ओवर में कहा जाता है, हिंदुस्तान में करियर और सक्सेस चाहे जितना कमा लीजिए, असली प्रमोशन सिर्फ एक चीज में है अब शादी कर लो। इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है कुंवारी सलमा यानी हुमा कुरैशी की। फिर शुरू होता है सलमा की शादी कराने का प्रयास। एक–एक करके किरदार और कैंडिडेट आते जाते हैं। इसी दौरान ट्रेलर में कामेडी होती रहती है। इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है श्रेयस तलपड़े की, जो एक सीधे–सादे सलमा की ही उम्र के व्यक्ति बने हैं। जबकि दूसरी ओर हैं सनी सिंह, जो आजकल के जमाने के क्लब जाने वाले व्यक्ति हैं। इसके बाद सलमा, सिकंदर (श्रेयस तलपड़े) से अरेंज मैरिज करना चाहती है। लेकिन तभी उसका दिल मीत (सनी सिंह) के लिए भी धड़कने लगता है। बस यहीं से शुरु होता है सलमा की जिंदगी में कन्फ्यूजन। अब वो लखनऊ के रहने वाले सिकंदर से शादी करेगी या लंदन के रहने वाले मीत से, यह फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा।

## ताज होटल के अधिकारियों ने योरस्टोरी की फाउंडर का किया अपमान

योरस्टोरी की फाउंडर और सीईओ श्रद्धा शर्मा ने ताज होटल के अधिकारियों पर उनके फाइन डाइनिंग रेस्टोरेंट हाउस ऑफ मिंग में पद्मासन में बैठने पर उन्हें अपमानित करने के आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में एक वीडियो के साथ जानकारी देते हुए शर्मा ने बताया कि उनके साथ यह वाक्या तब घटा जब वे दिवाली के दौरान अपनी बहन के साथ हाउस ऑफ मिंग में डिनर करने गई थीं। उन्होंने बताया कि वे वहां पद्मासन की मुद्रा में बैठी थी और अचानक मैनेजर ने उन्हें उनके बैठने के तरीके को लेकर फटकार लगा दी। उन्हें ठीक से बैठने की हिदायत दी गई क्योंकि वहां मौजूद दूसरे गेस्ट को शर्मा के इस तरह बैठने के तरीके से परेशानी हो रही थी।

शर्मा ने एक्स पर लिखा, "एक साधारण व्यक्ति, जो कड़ी मेहनत से अपनी कमाई करता है और अपनी गरिमा के साथ ताज होटल में आता है उसे आज भी, इस देश में जलील और अपमानित होना पड़ता है। मेरा गलती क्या है? बस इतनी कि मैं रेगुलर पद्मासन में बैठ गई? क्या यह मेरी गलती है कि ताज मुझे सीखा रहा है कि कैसे बैठना चाहिए और क्या करना चाहिए?

## सेमीफाइनल में कंगारुओं से भिड़ेंगी भारतीय टीम

नई दिल्ली। अलाना किंग, एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वोल की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से धूल चटाई। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के प्वाइंट्स टेबल में पहला स्थान हासिल किया। दूसरे सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा।

बेथ मूनी (42) और वोल (38*) ने शुरुआती विकेट गंवाने के बाद साउथ अफ्रीका के खिलाफ 98 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद, गत विजेता टीम ने पावरप्ले में दो विकेट गंवा दिए। मारिजान काप ने अपने शुरुआती स्पेल में फोएबे लिचफील्ड को आउट करके ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटका दिया।



अलाना किंग का कहर

इस बीच नादिनी डी क्लार्क ने एलिस पेरी को मासाबाटा क्लास की गेंद पर कैच लपका और पवेलियन भेज दिया। बेथ मूनी 42 रन बनाकर नादिनी डी क्लार्क का शिकार बनीं। एनाबेल सदरलैंड 10 रन बनाकर नाबाद रहीं। वहीं, जॉर्जिया वॉल ने टीम को जीत दिला दी।

इससे पहले अलाना किंग ने गेंद से कहर बरपाते हुए आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में किसी गेंदबाज द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जिससे ऑस्ट्रेलिया ने इंदौर में मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 97 रन पर रोक दिया।

टॉप पर ऑस्ट्रेलिया

पावरप्ले के दूसरे छोर पर गेंदबाजी करने आई किंग ने प्रोटियाज के मध्यक्रम को ध्वस्त कर दिया। अलाना किंग ने 7 ओवर में दो मेडन और 18 रन देकर 7 विकेट चटकाए। टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और गेंदबाजों ने इस फैसले को सही साबित किया।

## लोकाह चैप्टर 2 का ऐलान, दुलकर सलमान और टोविनो थामस संभालेंगे दूसरे भाग की कमान



दुलकर सलमान द्वारा निर्मित लोका चैप्टर 1ः चंद्रा की अपार सफलता के बाद अब मेकर्स ने लोका चैप्टर 2 को लेकर एक बड़ा अपडेट साझा किया है। मेकर्स ने लोका चैप्टर 2 की आधिकारिक घोषणा करते हुए फिल्म की पहली झलक जारी कर दी है। लोका चैप्टर 2 में टोविनो थामस प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। जबकि खुद अभिनेता दुलकर सलमान भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे।

इस टीजर को अपने एक्स अकाउंट पर शेयर करते हुए दुलकर सलमान ने लिखा, मिथकों से परे, किंवदंतियों से परे। एक नया अध्याय शुरू। लोका चैप्टर 2। टोविनो थामस स्टारर और डोमिनिक अरुण द्वारा लिखित व निर्देशित। वेफरर द्वारा निर्मित है यह फिल्म। लोका चैप्टर 2 की पहली झलक में टोविनो थामस और दुलकर सलमान एक अंधेरी सी जगह में बैठे बातें कर रहे हैं। दोनों अपने कैरेक्टर में हैं जिसमें टोविनो थामस माइकल हैं, जबकि दुलकर सलमान चार्ली के किरदार में दिख रहे हैं। काफी देर बातें करने के बाद, अचानक दोनों एक–दूसरे के आमने–सामने आ जाते हैं। इस पहली झलक के आखिरी सीन को देखकर आपको यकीन हो जाएगा कि लोका चैप्टर 2 में एक बार फिर दमदार वीएफएक्स देखने को मिलेंगे।

## रोहित का ऐतिहासिक शतक, विराट कोहली का भी चला बल्ला, भारत ने जीती सम्मान की लड़ाई



नई दिल्ली। भारत ने आखिरी वनडे मैच में जीत दर्जकर सम्मान के साथ विदाई ली। सिडनी में खेले गए मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया। भारत की इस जीत में पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अहम भूमिका निभाई। दोनों के बीच दूसरे विकेट लिए 169 गेंद पर 168 रन की साझेदारी हुई।

रो–को पर बहुत सवाल उठ रहे थे लेकिन दोनों खिलाड़ियों ने बता दिया कि अब भी वह भारत को जीत के सफर पर लेकर जा सकते हैं। रोहित ने एक तरफ जहां अदुभत शतकीय पारी खेली। वहीं कोहली ने काफी आराम से रोहित का साथ देते हुए अर्धशतकीय पारी खेली।

**रोहित का ऐतिहासिक शतक**

भारत ने 236 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38.3 ओवर में हासिल कर लिया। रोहित शर्मा ने नाबाद 121 रन की पारी खेली। वहीं, विराट कोहली ने नाबाद 74 रन बनाए। कप्तान गिल ने 24 रन का योगदान दिया। रोहित शर्मा ने शतक के साथ ही रिकॉर्ड बनाया। रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 50वां शतक जड़ा। यह उनके वनडे करियर का 33वां शतक रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी छठ पूजा की शुभकामनाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को छठ पूजा की बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा का पर्व सूर्य देवता की उपासना और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का महान अवसर है। यह पर्व प्रकृति और मानव के बीच के प्रेम को भी दर्शाता है। सूर्य देवता की आराधना से हम जीवन के हर पहलू में सकारात्मकता और नई ऊर्जा का अनुभव करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा का महत्व सिर्फ धार्मिक आस्था में नहीं, बल्कि हमारे समाज की संस्कृति, एकता और सौहार्द में भी निहित है। यह पर्व हमें एकजुटता के साथ अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को सही तरीके से निभाने की प्रेरणा देता है। भगवान भास्कर एवं छठी मइया सबकी मनोकामना पूर्ण करें इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है।

### आवासीय बालिका छात्रावास का हुआ लोकार्पण

श्रीनगर गढ़वाल : राइंका श्रीनगर परिसर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास का शिक्षा मंत्री ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि तीन करोड़ बीस लाख रुपये की लागत से बने इस छात्रावास में जरूरतमंद छात्राओं को आवासीय सुविधा मिलेगी। असहाय छात्राओं को आवास एवं मुफ्त शिक्षा की सुविधा दिलाई जा रही है। कहा नेताजी के नाम पर 17 छात्रावास बनाए जा चुके हैं। इनके माध्यम से इन बच्चों को आईएएस, पीसीएस तक ले जाने की योजना है। उन्होंने कहा कि छात्रावास में रहने वाले बच्चों की हर माह निशुल्क स्वास्थ्य जांच कराए जाने को कहा गया है। (एजेंसी)

### बेस अस्पताल में कॉकरोचों से मरीज परेशान

श्रीनगर गढ़वाल : मेडिकल कॉलेज के बेस अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति वार्ड में कॉकरोच मरीजों को परेशान कर रहे हैं, जिससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक न होना इसका कारण बताया जा रहा है। रात के समय में कॉकरोच का प्रकोप ज्यादा होने से मरीज व उनके तीमारदारों को समस्याएं हो रही हैं।

बेस अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति वार्ड में भर्ती मरीजों के तीमारदारों ने बताया कि कॉकरोच वार्ड में इधर–उधर विचरण करते रहते हैं। मरीजों के बिस्तर तक पहुंचने से उन्हें कई तरह की दिक्कतें हो रही हैं। वार्ड में सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक यह मामला गढ़वाल विवि के चौरास परिसर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के समक्ष आया। जिस पर मंत्री ने कहा कि इस मामले में वह अस्पताल प्रशासन से जानकारी लेंगे, उन्होंने व्यवस्थाओं में सुधार की बात भी कही। (एजेंसी)

### भूमि प्रतिकर दिलाने की उठाई मांग

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के पांडव गांव निवासी प्रदीप गोदियाल ने लोक निर्माण विभाग से ग्रामीणों को भूमि प्रतिकर दिए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर द्वारा करीब 15 वर्ष पूर्व सिल्काखाल-खोंगचा-पाडंव मोटर मार्ग का निर्माण करवाया गया था। निर्माण के दौरान कई लोगों की कृषि भूमि, फलदार पौधे, फसल आदि नष्ट हो गई। लेकिन उन प्रभावित ग्रामीणों को आज तक मुआवजा राशि नहीं मिल पाई है। गोदियाल ने इस संबंध में लोनिवि के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर जल्द प्रतिकर भुगतान की मांग की है।

### राजीव अध्यक्ष व हिमांशु बने सचिव

नई टिहरी। मिनिस्ट्रीयल फेडरेशन जनपद टिहरी विकासखंड कीर्तिनगर की ब्लॉक स्तरीय बैठक बीआरसी कीर्तिनगर में आयोजित की गई। इस अवसर पर फेडरेशन की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।

सर्वसम्मति से राजीव उनियाल को अध्यक्ष, हिमांशु कुमार को सचिव, विमला जोशी व चंद्रशेखर मेवाड़ को उपाध्यक्ष, प्रमेश चंद्र को कोषाध्यक्ष, आदित्य बंगारी को संगठन मंत्री, संजय पांडेय को संरक्षक मनोनीत किया गया। मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष राजीव उनियाल द्वारा ब्लॉक के सभी मिनिस्ट्रीयल कर्मियों को आगामी 29 अक्तूबर को देहरादून में होने वाले मिनिस्ट्रीयल फेडरेशन के अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने का आह्वान किया गया।

# साजिश के तहत लोगों को फंसा रही पुलिस

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : बहुजन समाज पार्टी, एससीएसटी वैचारिक महासभा, डा. भीमराव अंबेडकर जागृति समिति ने कोटद्वार पुलिस पर देवरामपुर के अनुसूचित जाति के लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने का आरोप लगाया है। कहा कि मामले की पूरी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।


कोटद्वार तहसील में तहसीलदार को ज्ञापन देते संगठन के सदस्य

शनिवार को विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग तहसील में पहुंचे। जहां उन्होंने तहसीलदार साक्षी उपाध्याय के माध्यम से पुलिस महानिदेशक, जिलाधिकारी, अनुसूचित जाति, जनजाति आयोग को ज्ञापन भेजा। बताया कि उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड की सीमा पर स्थित देवरामपुर में कई अनुसूचित जाति के परिवार रहते हैं। बीते 19 अक्टूबर को क्षेत्र में रहने वाले राहुल गुसाईं, आशीष डबराल, डबल सिंह सहित अन्य सामान्य जाति के युवक अनुसूचित जाति की बस्ती में पहुंचे और गली में पटाखे छोड़ने लगे। बताया कि लोगों ने जब उनकी इस कार्य प्रणाली का विरोध किया तो वह गाली-गलौच करने लगे। आरोप लगाया कि 21 अक्टूबर की रात राहुल गुसाईं, आशीष डबराल, डबल सिंह कुछ अज्ञात लोगों के साथ बस्ती में पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए महिलाओं के साथ अभद्रता करने लगे, जिससे विवाद की स्थिति पैदा हो गई। बताया कि 22 अक्टूबर सुबह गांव की महिलाओं ने कोतवाली में पहुंच कर पुलिस से मामले की शिकायत की। आरोप है कि पुलिस ने अनुसूचित जाति की महिलाओं की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। बताया कि इसी रात दोबारा सामान्य जाति के लोगों ने अनुसूचित जाति के लोगों के साथ अभद्रता की। जिसके बाद कोटद्वार पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप लगाया कि पुलिस ने सामान्य जाति के लोगों का पक्ष लेते हुए अनुसूचित जाति की महिलाओं पर लाठीचार्ज किया। साथ ही अगली सुबह अनुसूचित जाति की महिलाओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों के साथ इस तरह का बर्ताव किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यदि मामले की गंभीरता से जांच नहीं हुई तो विभिन्न संगठन सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में बसपा जिलाध्यक्ष विकास आर्य, एससीएसटी वैचारिक महासभा की उपाध्यक्ष गीता सिंह, डा. बीआर अंबेडकर जागृति समिति देवरामपुर के अध्यक्ष तेजपाल सिंह, रविदास सेवा समिति कौड़िया के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, महेश गौतम, मनोज सिंह, सुषमा देवी, चंद्रशेखर, आशाराम, राहुल सिंह, केशीराम निराला सहित अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस से मारपीट करने वाले फरार आरोपी गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड की सीमा पर स्थित देवरामपुर में पुलिस पर हमला करने व सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में अब तक 16 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व देवरामपुर क्षेत्र में दो गुटों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद मौके पर पहुंची कोटद्वार पुलिस के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। महिलाओं व अन्य लोगों ने उपनिरीक्षक के साथ मारपीट करते हुए पुलिस वाहन पर भी पथराव किया। घटना के बाद पुलिस ने 23 नामजद व कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पहले दिन पुलिस ने 10 महिलाओं व चार पुरुषों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस घटनास्थल के वीडियो से आरोपितों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि मामले में शनिवार को देवरामपुर निवासी रोहित पुत्र धर्मवीर व तल्ला मोटाढांग निवासी रूद्राक्ष पुत्र राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है।


कोटद्वार पुलिस की हिरासत में आरोपी

# कैकई ने मांगे दो वरदान, भरत को गद्दी और राम को वनवास

**जयन्त प्रतिनिधि कोटद्वार :** नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत कलालघाटी में आदर्श रामलीला कमेटी झंडीचौड़ की ओर से आयोजित रामलीला के छठवें दिन मंथरा-कैकई संवाद, कैकई का कोप भवन और दशरथ-कैकई संवाद की लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर समिति ने संकल्प फाउंडेशन के सदस्यों को पशु सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। मंचन के छठवें दिन की शुरुआत संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह रावत और आकांशा रावत ने रिबन काटकर किया। रामलीला मंचन के छठवें दिन की शुरुआत में मंथरा कैकेयी के महल में प्रवेश करती है और उसे राम के राज्याभिषेक से रोकती है, क्योंकि उसे डर है कि राम के राजा बनने पर उसका और कैकेयी का भविष्य खराब हो जाएगा। मंथरा कैकेयी को कूटनीति के लहजे में समझाती है कि राम का प्रभाव बढ़ रहा है और उसे अपनी शक्ति जमाने के लिए जल्द ही कुछ ठोस कदम उठाने चाहिए। मंथरा कैकेयी को याद दिलाती है कि दशरथ ने उन्हें दो वरदान देने का वचन दिया है। इसके बाद कैकई कोप भवन में चली जाती है। जैसे ही दशरथ को कैकई के कोप भवन में जाने की जानकारी मिलती है वह कोपभाईं में जाकर कैकई से मिलता है। कैकई अपने दो वरदानों का हवाला देकर दशरथ से भरत के लिए राज और राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास मांग लेती हैं। पिता की आज्ञा पाकर श्री राम, लक्ष्मण और सीता माता वन को निकल पड़ते हैं। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अरुण नेगी, धर्मेंद्र अग्रवाल, प्रियांशु चंद, नैन सिंह, विशाल माने, हिमांशु शाह, रोहित माने आदि मौजूद रहे। संचालन अमित नेगी ने किया।



# स्मार्ट मीटर का विरोध, लोगों ने फूंका पुतला

### ऊर्जा निगम की ओर से लगाए गए स्मार्ट मीटर का किया विरोध

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : ऊर्जा निगम की ओर से शहर में लगाए गए स्मार्ट मीटर के विरोध में लोगों ने शनिवार को पुतला दहन किया। कहा कि यदि जल्द से जल्द स्मार्ट मीटर को हटाकर नए मीटर नहीं लगाए गए तो लोग आंदोलन को तेज करेंगे। शनिवार को लोगों ने स्मार्ट मीटर के विरोध में पुतला दहन किया। कहा कि वह पिछले कई दिनों से स्मार्ट मीटर के विरोध में तहसील में धरना दे रहे हैं। लेकिन, शासन-प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कहा कि स्मार्ट मीटरों में खपत से ज्यादा बिल आ रहा हैं। पहले जिन लोगों का दो माह का बिल दो हजार आता था, अब वही बिल एक माह का आ रहा है। कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से गरीब लोगों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने ऊर्जा निगम को स्मार्ट मीटरों को तत्काल हटाए जाने की मांग की है। कहा कि यदि ऊर्जा निगम जल्द ही स्मार्ट मीटर हटाने की कार्यवाही नहीं करता है तो वे स्वयं मीटरों को उखाड़ फेंकेंगे व पुराने मीटरों को लगा देंगे। पुतला दहन करने के बाद क्षेत्रवासी झंडाचौक से रैली निकालते हुए तहसील परिसर में पहुंचे, जहां पर वे धरने पर बैठ गए। इस मौके पर आशाराम, रंजना रावत, पार्षद रीना देवी, महेश नेगी, रंजना रावत, परमानंद, राजेंद्र सिंह मौजूद रहे।


कोटद्वार में स्मार्ट मीटर के विरोध में रैली निकालते क्षेत्रीय जन

# पूर्व सैनिकों ने आपदा प्रभावितों को दी आर्थिक मदद

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने उत्तरकांशी के धराली में पहुंचकर आपदा पीड़ितों की आर्थिक मदद की। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने अन्य लोगों से भी आपदा प्रभावितों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने उत्तरकाशी के धराली स्थित आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। पूर्व सैनिकों ने कहा कि कुछ माह पूर्व वर्षा काल के दौरान धराली में भीषण आपदा आ गई थी। जिसके कारण कई परिवार बेघर हो गए थे।

आज भी कई परिवार किराए के कमरों में रहने को मजबूर हो रहे हैं। कहा कि पूर्व सैनिकों ने क्षेत्र का भ्रमण कर आपदा प्रभावितों की समस्याओं को सुना। साथ ही उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया। कहा कि पीड़ितों की मदद के लिए पूर्व सैनिकों ने अपनी पेंशन का कुछ हिस्सा स्वेच्छा से दान किया था। इस मौके पर मेहरबान सिंह चौहान, जीत सिंह भंडारी, देवेंद्र बिष्ट, गोपाल सिंह नेगी, ठाकुर सिंह गुसाईं आदि मौजूद रहे।


उत्तरकाशी के धराली में आपदा प्रभावितों को मद देते पूर्व सैनिक

### ग्रामीणों ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के ग्राम पंचायत सिरोला में पेयजल आपूर्ति सुचारू न होने पर जिला पंचायत सदस्य खोला कड़ाकोट ने विभाग के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। तहसीलदार कीर्तिनगर को सौंपे ज्ञापन में जिला पंचायत सदस्य कविता देवी ने कहा कि ग्राम पंचायत सिरोला में लंबे समय से लोग पेयजल समस्या से जूझ रहे है। समस्या के समाधान के लिए कई बार विभाग को पत्राचार के माध्यम से अवगत करवाया गया। लेकिन समस्या जस की तस बनी हैं। ग्रामीणों को प्राकृतिक जलस्त्रोत और हैंडपंपों से प्यास बुझानी पड़ रही है। जिला पंचायत सदस्य ने शीघ्र समस्या का समाधान न होने पर तीन नवंबर को प्रभावित ग्रामीणों के साथ उप जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। (एजेंसी)

# अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिला अधिवक्ता संघ पौड़ी में इस बार अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर ही चुनाव होगा। नाम वापसी के अंतिम दिन भी इन दोनों पदों पर किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया।

हालांकि सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष और पुस्तकालयाध्यक्ष के प्रत्याशियों को निर्विरोध चुन लिया गया है।

शनिवार को संघ के चुनाव के तहत नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। संघ के छह पदों के सापेक्ष नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश गैरोला व सहायक चुनाव अधिकारी देवकीनंदन शाह ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए राजेंद्र नेगी, टीका प्रसाद उपाध्याय व अनुसूया प्रसाद उनियाल जबकि उपाध्यक्ष के लिए पूर्व सचिव कुसुम नेगी व लक्ष्मी रावत ने दावेदारी की है। दोनों पदों के लिए सोमवार को सुबह नौ बजे से मतदान होगा। इसी दिन मतगणना और परिणाम घोषित किए जाएंगे। बताया कि संघ की नई कार्यकारिणी के लिए 86 अधिवक्ता मतदान करेंगे। जबकि सचिव पद पर गजेंद्र सिंह रावत, सह सचिव स्वप्निल रतूड़ी, कोषाध्यक्ष अभिषेक सजवाण व पुस्ताकालय अध्यक्ष के लिए विमल अणथ्वाल को निर्विरोध चुन लिया गया है।

# बडियारगढ़ के तेगड़ बाजार में नाली निर्माण न होने से व्यापारी परेशान

नई टिहरी। विकास खंड कीर्तिनगर के लोस्तु और बडियारगढ़ क्षेत्र के स्थानीय बाजार तेगड़ में आज तक मूलभूत सुविधाएं नहीं जुट पाई हैं। करीब तीन वर्ष पूर्व टेलीकॉम कंपनी ने सड़क किनारे केबल बिछाने के लिए नाली को खोदा था, लेकिन निर्माण नहीं किया गया, जिस कारण गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। इससे स्थानीय निवासी और व्यापारी परेशान हैं। स्थानीय व्यापारी दुर्गा प्रसाद गैरोला व सुनील नेगी ने बताया कि तेगड़, क्षेत्र के करीब 40 से अधिक गांवों का मुख्य बाजार है। जबकि कीर्तिनगर–धौडंगी–सौराखाल मोटर मार्ग का मुख्य पड़ाव है। यहां से विभिन्न क्षेत्रों के लिंक मार्ग होने से लोगों की काफी भीड़ रहती है। लेकिन सुविधाएं आज भी नहीं जुट पाई हैं। पूरे बाजार में मात्र एक ही शौचालय है, जोकि बाजार के एक किनारे पर है। शौचालय तक पहुंचने के लिए दूसरे किनारे के लोगों को शौच आदि के लिए करीब 200 मीटर दूर जाना पड़ता है।बाजार में नाली न होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। व्यापारियों ने बताया कि पहले बाजार में नाली थी। लेकिन तीन वर्ष पूर्व एक टेलीकॉम कंपनी द्वारा केबल बिछाए जाने से पूरी नाली क्षतिग्रस्त हो गई है।

बरसात में बारिश का पानी दुकानदारों के लिए खतरा बन जाता है। जबकि राहगीरों का सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो जाता है।

### श्रीनगर ने जीता अंतर्विद्यालयी वॉलीबाल का खिताब

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : बीआर मॉर्डन स्कूल के खेल मैदान में आयोजित अंतर्विद्यालयी वॉलीबाल प्रतियोगिता में देवभूमि स्कूल श्रीनगर, रेनबो पब्लिक स्कूल श्रीनगर, एसजीआरआर श्रीनगर, सेन फोर्ड स्कूल श्रीनगर, राइंका क्यार्क, राइंका पौड़ी, एमआईसी पौड़ी, डीएवी इंटर कॉलेज पौड़ी, हिल्स इंटरनेशनल स्कूल पौड़ी, विद्या मंदिर तिमली और केवी पौड़ी की टीमों ने राउंडवार अपने मैच जीते। फाइनल मैच देवभूमि पब्लिक स्कूल श्रीनगर और एसजीआरआर श्रीनगर के बीच खेला गया। देवभूमि पब्लिक स्कूल श्रीनगर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि बीआरएमएस के प्रधानाचार्य दामोदार प्रसाद ममगाई ने विजेता टीम को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में राजेंद्र सिंह नेगी, आरती असवाल, अतुल उनियाल, शुभम रावत निर्णायक रहे।

# डैफोडिल व कॉन्वेंट ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नवयुग पब्लिक स्कूल में आयोजित बालीवॉल प्रतियोगिता में डैफोडिल व कॉन्वेंट ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई प्रतियोगिता में 25 से अधिक टीमें प्रतिभाग कर रही है।

विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य स्व. शैली नेगी की स्मृति में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल कोच सुनील रावत व विद्यालय के संस्थापक हुकम सिंह नेगी ने संयुक्त रूप से किया। हुकम सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। कहा कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के तहत विद्यालय में बालिकाओं की वालीबाल प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है, जिसमें क्षेत्र की 25 टीमें प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर डैफोडिल व कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल की टीमों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इसके अलावा एनपीएस, बलूनी पब्लिक स्कूल, एमवीएम, राइजिंग, बाल भारती, एमकेवीएन की टीमों ने भी अगले दौर में प्रेवश किया। इस मौक पर प्रधानाचार्य नीलम नेगी, धीरेंद्र कंडारी, अरूण नैथानी, प्रदीप रावत, डा. एस के खट्टर आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि

# पौड़ी की बेटी डॉ. ऋतु को मिला अखिल भारतीय हरिवंश सम्मान

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** पौड़ी की प्रसिद्ध राष्ट्रीय कवयित्री डॉ. ऋतु सिंह को श्री मनोरथ प्रसाद हरिवंश स्मृति ट्रस्ट, देहरादून द्वारा अखिल भारतीय हरिवंश सम्मान 2025 प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य, समाज में नैतिकता और सामाजिक मूल्यों को अपने गीतों और कविताओं के माध्यम से देश-विदेशों में प्रसिद्धि प्राप्त करने हेतु प्रदान किया गया।

शनिवार को देहरादून के जे.एस.आर. कॉन्टिनेंटल होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड सरकार श्रीमती ऋतु खण्डूड़ी भूषण एवं पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी द्वारा डॉ. ऋतु सिंह को शॉल और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि सुप्रसिद्ध गीत चले आओ पहाड़ों पर से प्रसिद्धि प्राप्त करने वाली कवयित्री डॉ. ऋतु सिंह पौड़ी शहर की निवासी और पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी है। डॉ. ऋतु सिंह ने बताया कि जल्द ही उनकी रचनाओं का गीत एवं काव्य संग्रह पाठकों के लिए उपलब्ध होगा।

उन्होंने श्री मनोरथ प्रसाद स्मृति ट्रस्ट की संस्थापिका कमला देवी, राष्टीय अध्यक्षा योगिता जोशी एवं सचिव चन्द्रवीर गायत्री का सम्मान प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त किया।



### ई–केवाईसी के लिए सस्ते गल्ला दुकानों पर उमड़ी भीड़

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में सरकारी सस्ते गल्ला विक्रेताओं की दुकानों पर इन दिनों ई-केवाईसी कराने वालों की भीड़ उमड़ रही है।

पूर्ति निरीक्षक कार्यालय की ओर से सभी विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे उपभोक्ताओं के राशन कार्डों की ई-केवाईसी प्रक्रिया 30 नवंबर तक हर हाल में पूरी कराएं। पूर्ति निरीक्षक भानू प्रताप रावत ने बताया कि निर्धारित तिथि तक सभी उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूरी की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि दीपावली अवकाश के बाद से दुकानों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं। कई परिवार अपने बच्चों के शहर से घर लौटने के बाद पूरे परिवार का सत्यापन एक साथ करा रहे हैं। (एजेंसी)

# बैकुंठ चतुर्दशी मेले में मातृशक्ति वॉलीबाल प्रतियोगिता होगी आयोजित

श्रीनगर गढ़वाल : प्रसिद्ध बैकुंठ चतुर्दशी मेले में सांस्कृतिक एवं परंपरागत कार्यक्रमों के साथ-साथ इस बार मातृशक्ति वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें चमोली, रूद्रप्रयाग, टिहरी एवं पौड़ी जिले की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

इसके लिए पंजीकरण पांच नवंबर तक होंगे। माध्यमिक वर्ग बालिका एवं महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के संयोजक देवेन्द्र गौड़ ने बताया कि महिला वॉलीबाल की लोकप्रियता को देखते हुए दर्शकों में भी वॉलीबाल देखने और खेलने का रूझान निरंतर बढता जा रहा है। कहा कि विगत दो दशकों से खेलेगी मां तो सीखेंगे बच्चे स्लोगन के साथ 30 उम्र का पड़ाव पार चुकी महिलाओं के लिए यह खेल आयोजित किया जा रहा है। इसी को देखते हुए नगर निगम मेला समिति को प्रतियोगिता संयोजक देवेन्द्र गौड़ ने मातृशक्ति वॉलीबाल प्रतियोगिता को आयोजित कराने आग्रह किया था। जिस पर नगर निगम श्रीनगर ने मातृशक्ति वॉलीबाल प्रतियोगिता कराने का फैसला लिया है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को इकत्तीस हजार एवं उपविजेता टीम को इक्कीस हजार देने की घोषणा की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश में भू–उपयोग परिवर्तन की समयसीमा की गई तय, अब ऑनलाइन होगी प्रक्रिया

देहरादून। उत्तराखंड में जमीनों का भू–उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) अब आसान, पारदर्शी और समयबद्ध होगा। इसके लिए सरकार ने ऑनलाइन पोर्टल पर सुविधा उपलब्ध करा दी है। 18 चरणों में यह प्रक्रिया पूरी होगी। जमीनों के भू–उपयोग के लिए कई–कई साल का इंतजार खत्म होगा। आवास विभाग ने भू–उपयोग परिवर्तन के लिए जो ताजा गाइडलाइंस जारी की है, उसमें जमीनों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। तीनों श्रेणियों के लिए नियमों में थोड़ा अंतर है लेकिन सभी के लिए 18–20 चरणों की प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में पूरी करनी होगी। 4000–10,000 वर्ग मीटर का भू–उपयोग परिवर्तन प्राधिकरण स्तर, 10,000–50,000 वर्ग मीटर का उत्तराखंड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण और 50,000 वर्ग मीटर से ऊपर के लिए प्राधिकरण व शासन समिति की प्रक्रिया भी शामिल होगी। सभी चरणों को मिलाकर यह प्रक्रिया लगभग छह से 12 माह में पूरी की जा सकेगी। आवास विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, ऑनलाइन पोर्टल से पारदर्शिता बढ़ेगी, फाइलें लंबित नहीं रहेंगी और आम नागरिकों को अब भू–उपयोग परिवर्तन के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

### आयुर्वेद विवि में प्रशासकीय व वित्तीय अनियमितता, वित्त विभाग ने तलब की कार्रवाई की रिपोर्ट

देहरादून। उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय में प्रशासकीय व वित्तीय अनियमितताओं पर वित्त विभाग ने कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की है। इस संबंध में वित्त विभाग ने सचिव आयुष को पत्र जारी कर एक सप्ताह में जवाब देने को कहा है।आयुर्वेद विवि में कर्मचारियों के नियम विरूद्ध पदोन्नति व अन्य वित्तीय अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए वित्त विभाग ने विश्वविद्यालय को दी जाने वाली राशि रोक थी। वित्तीय वर्ष 2023–24 में वित्त विभाग ने दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने व नियम विरुद्ध दिए गए वित्तीय लाभ की वसूली करने की शर्त पर विवि को 125 करोड़ की राशि जारी थी। धनराशि मिलने के बाद विवि ने कार्रवाई की रिपोर्ट शासन को नहीं दी। अपर सचिव वित्त डॉ. अहमद इकबाल की ओर से सचिव आयुष को पत्र जारी कर विश्वविद्यालय में नियम विरूद्ध वित्तीय लाभ प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा गलत तरीके से वेतन निर्धारण कर दिए गए वित्तीय लाभ कर्मचारी या जिम्मेदार अधिकारियों से वसूली की कार्रवाई पर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा गया।

### महिला ने देवर, देवरानी और सास पर मारपीट और संपत्ति पर कब्जे का आरोप लगाया

हरिद्वार। ज्वालापुर में एक महिला ने अपने देवर, देवरानी और सास पर सामान चोरी कर संपत्ति पर कब्जा और मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। खन्ना नगर निवासी रुकमणि पालीवाल ने कोर्ट को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके देवर नितिन पालीवाल, देवरानी छाया पालीवाल और सास प्रेमलता पालीवाल ने उसके निजी कमरों पर कब्जा कर कीमती सामान चोरी कर लिया है। वह पिछले डेढ़ साल से ज्वालापुर में अपने पति और बेटे के साथ किराये के मकान में रह रही हैं। इस दौरान आरोपियों ने उनके साथ बार बार झगड़ा और मारपीट की।

खन्ना नगर स्थित अपने हिस्से के मकान के पिछले दो कमरों में उसने कीमती सामान रखा था। इनमें शादी के दौरान माइके और संसुराल से प्राप्त जेवरात और घर का अन्य सामान रखा था। बीती 04 अगस्त की शाम को जब वह अपने मकान गई तो देखा कि उसके दोनों कमरों का ताला टूटा मिला। आरोपियों ने अपने ताले लगाकर कमरे पर कब्जा कर लिया।

### कृषि यंत्रों में अब नहीं लगेगी जंग

रुद्रपुर। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर की शोधार्थी मनीषा पांडे ने खेती की दुनिया में अहम खोज की है। उन्होंने एक ऐसा जंगरोधी पदार्थ तैयार किया है जिससे ज्यादा टिकाऊऔर ऊर्जा कुशल कृषि यंत्र बनाए जा सकेंगे। खासकर इससे तैयार फार्म मैट्रिक डिवाइस से बीज बोने की प्रक्रिया अधिक आसान और कम खर्चीली होगी। वर्तमान में सुपर सीडर या सीड ड्रिल यंत्र में लगभग सात किलोग्राम लोहे से बनी फार्म मैट्रिक डिवाइस का उपयोग होता है। यह डिवाइस खेत में निश्चित गहराई और अंतराल पर बीज व खाद डालने का काम करती है।

# महिला पर हमले के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल की श्रीनगर पुलिस ने महिला पर हमले के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि गत शुक्रवार दोपहर को सूचना मिली कि एक महिला के सिर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्थर से मिला किया गया है, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। घायल महिला को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से तुरंत बेस अस्पताल श्रीकोट उपचार हेतु भेजा गया। सूचना प्राप्त होते ही चौकी कलियासौड़ से पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा हुआ और आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई। जांच के दौरान वादी विवेक बुटोला निवासी ग्राम तोल्यो, श्रीकोट ने थाना श्रीनगर पर तहरीर दी कि अभियुक्त नीरज सिंह ने वादी की माता श्रीमती तर्जनी देवी (उम्र 53 वर्ष) जो आंगनवाड़ी में कार्यरत है, के सिर पर धारदार पत्थर से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर कोतवाली श्रीनगर पर आईपीसी की संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। एसएसपी ने बताया कि क्षेत्राधिकारी श्रीनगर अनुज कुमार के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर जयपाल सिह नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने ठोस सुरागरसी-पतारसी के माध्यम से अपराध के अनावरण और अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर उक्त अभियोग में संलिप्त अभियुक्त नीरज सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पोखरी, खिर्सू, श्रीनगर, पौड़ी गढ़वाल को डुंगरी पंथ के निकट हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मुकेश भट्ट, महिला उपनिरीक्षक भावना भट्ट, अपर उपनिरीक्षक संजय पुंडीर, आरक्षी हाकम सिंह शामिल थे।




## मुख्यमंत्री राहत कोष में दिये 45 लाख 49 हजार

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में सेंट जोसेफ अकादमी, देहरादून के स्कूल प्रबंधन ने मुलाकात कर आपदा पुनर्निर्माण के कार्यों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 10 लाख और उत्तरांचल ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधियों ने 35,49,371 की धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान की।मुख्यमंत्री ने सेंट जोसेफ अकादमी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योगदान आपदा प्रभावितों की सहायता एवं पुनर्निर्माण कार्यों में उपयोगी सिद्ध होगा। कहा कि समाज के सभी वर्गों द्वारा किया गया सहयोग अत्यंत सराहनीय है और इससे पीड़ितों को राहत प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी। कि राज्य सरकार प्रत्येक आपदा प्रभावित व्यक्ति के साथ खड़ी है। इस अवसर पर ब्रदर जोसेफ एम. जोसेफ, ब्रदर एस्टिनस कुजूर, एस. के. नैथानी, सचिन अग्रवाल, भवनेश नेगी, बैंक के चेयरमैन हरिहर पटनायक, राजीव प्रकाश, सुश्री भारती नौडियाल, हरीश कण्डारी, महिपाल डसीला आदि मौजूद रहे।

## बिल्ली के बच्चों के पीछे परिवार में पड़ी दरार, पुलिस कार्रवाई की मांग

देहरादून। नेहरू कॉलोनी थानाक्षेत्र के धर्मपुर में बिल्ली के बच्चों के पीछे एक संयुक्त परिवार में रार छिड़ गई। बच्चों को अशुभ मानकर एक भाई ने स्कूटर की डिग्गी में डाला और कहीं दूर छोड़ दिया। इससे दूसरे भाई का परिवार नाराज हो गया।

उनके बीच विवाद इतना बढ़ा कि मामला पुलिस थाने तक जा पहुंचा। जहां भतीजी ने अपने चाचा–चाची सहित उनके बेटों पर बिल्ली के बच्चों के साथ क्रूरता करने और उन्हें जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। शिकायत पर नेहरू कॉलोनी पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम व अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता रश्मि धीमान ने फव्वारा चौक चौकी प्रभारी को 13 अक्तूबर को तहरीर दी जिसमें बताया कि बीते मार्च में एक बिल्ली अपने दो बच्चों को उनके घर पर छोड़ गई थी जिनकी देखभाल वह कर रही थीं। उनके घर में रहने वाले उनके चाचा उमेश धीमान और चाची को बिल्ली के बच्चों से दिक्कत थी। उनका आंगन एक ही है। चाचा के परिवार का मानना था कि बिल्लियां अशुभ होती हैं।

रश्मि का आरोप है कि चाचा ने उनकी बिल्लियों को अपनी स्कूटी की डिग्गी में अमानवीय तरीके से बंद किया और कहीं छोड़ दिया।

आरोप है कि विरोध जताने पर चाची और उनके तीनों बेटों ने घर में घुसकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। रश्मि ने सभी से खतरा बताते हुए पुलिस कार्रवाई की मांग की है।

## दीपावली के बाद हवा की गुणवत्ता में आया सुधार

देहरादून। दीपावली के बाद हवा की गुणवत्ता में सुधार आया है। राज्य में 23 अक्तूबर को हल्द्वानी समेत चार जगहों पर एक्यूआई मध्यम श्रेणी और तीन जगहों पर संतोषजनक श्रेणी में है। सबसे बेहतर टिहरी का एक्यूआई 46 रहा है। यह अच्छे की श्रेणी में है। देहरादून में तीन जगहों पर हवा की निगरानी की जा रही है, यहां पर औसत एक्यूआई 98 (संतोषजनक श्रेणी)में रहा है। ऋषिकेश दो जगहों पर निगरानी की गई है, यहां पर औसत एक्यूआई 88 रहा है। नैनीताल में भी संतोषजनक श्रेणी में 82 एक्यूआई रहा।

मध्यम श्रेणी में हल्द्वानी, काशीपुर, रुद्रपुर और हरिद्वार रहे हैं। हल्द्वानी में 117, काशीपुर 122, रुद्रपुर 134 और हरिद्वार 137 एक्यूआई रहा है।

# चमोली में एक लाख से अधिक लोगों को मिला अटल आयुष्मान योजना का लाभ

### चमोली के 7 चिकित्सालयों में मिल रहा लोगों को योजना का लाभ

**जयन्त प्रतिनिधि**

चमोली : राज्य सरकार की ओर से आम लोगों को सुगम स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के लिए शुरु की गई अटल आयुष्मान योजना जनपद में लोगों के लिए मजबूत सहारा बनाने लगी है। योजना के तहत जनपद चमोली में वर्ष 2018 से वर्तमान तक 1 लाख 4 हजार 510 लोगों को योजना लाभ दिया जा चुका है। जिसमें उपचार के लिए कुल 1 अरब 90 करोड़, 27 लाख 54 हजार 335 की धनराशि खर्च की जा चुकी है। ऐसे में राज्य सरकार की यह योजना लोगों के लिए लाभप्रद साबित हो रही है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अभिषेक गुप्ता ने बताया कि योजना के तहत जनपद में 2 लाख 34 हजार 234 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। जिसमें से वर्ष 2018 से अभी तक 1 लाख 04 हजार 510 लोगों को योजना से उपचार का लाभ दिया गया है।

बताया कि राज्य में योजना का शुभारंभ वर्ष 2018-19 में किया किया था। जिसके बाद पहले वर्ष यहां 865 लोगों को योजना से लाभांवित किया गया। जबकि दूसरे वर्ष 2019-20 में 12,063, वर्ष 2020-21 में 7,773, वर्ष 2021-22 में 8,896, वर्ष 2022-23 में 20,684, वर्ष 2023-24 में 25,570, वर्ष 2024-25 में 17,647 तथा चालू वित्तीय वर्ष में वर्तमान तक 11,012 लोगों को योजना के माध्यम से उपचार का लाभ उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद चमोली में जिला चिकित्सालय गोपेश्वर सहित उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैरसैंण, थराली, जोशीमठ, पोखरी और नंदानगर में योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिया जा रहा है।

क्या है अटल आयुष्मान योजना

अटल आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्रति परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख के उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसी के साथ वर्ष 2024 से आयुष्मान वय वंदना योजना भी संचालित की जा रही है। जिसमें 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की व्यक्तियों को इसका लाभ दिया जा रहा है। जिसमें 430 से अधिक बुजुर्गों का आयुष्मान वंदना कार्ड बना दिया गया है।

**आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए ऐसे करें आवेदन**

आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पात्र लाभार्थी के पास राशन कार्ड एवं आधार कार्ड का होना अनिवार्य है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आप नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान मित्रों की मदद से बनवा सकते हैं। कॉमन सर्विस सेंटर में भी यह कार्ड बनाए जाते हैं एवं स्वयं से भी आयुष्मान एप द्वारा भी यह कार्ड बनाए जा सकते हैं।

# शीतकालीन मौसम और ला नीना के संभावित हालात ने अधिकारियों की टेंशन बढ़ाई



देहरादून। आगामी शीतकालीन मौसम और ला नीना के संभावित हालात ने अधिकारियों की टेंशन बढ़ा दी है। बिजली की बढ़ती डिमांड के बीच कड़कड़ाती ठंड होने की संभावना के चलते जहां एक तरफ विद्युत डिमांड के और भी बढ़ने की संभावना है तो वही भारी बर्फबारी जैसे हालात में बिजली आपूर्ति की चुनौतियां बढ़ने के भी संकेत है। इसी को देखते हुए उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अधिकारियों को अभी से कुछ खास दिशा निर्देश जारी किए हैं। उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड यानी यूपीसीएल ने प्रदेश में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। यूपीसीएल ने सभी फील्ड अधिकारियों को सतर्क करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश भी जारी किए हैं। दरअसल, यह सब आगामी मौसम को देखते हुए किया गया है, जिसमें ना केवल बिजली आपूर्ति बढ़ने की संभावना है, बल्कि दूसरी कई चुनौतियों के भी बढ़ने के संकेत हैं। ला नीना के प्रभाव से राज्य में अधिक ठंड, कोहरा, बर्फबारी और वर्षा की संभावना जताई जा रही है, जिससे विद्युत आपूर्ति प्रणाली प्रभावित हो सकती है। ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए यूपीसीएल ने वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने, आपदा प्रबंधन दलों को सक्रिय रखने और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कॉर्पोरेशन ने सभी वितरण खंडों को बिजली नेटवर्क की मॉनिटरिंग बढ़ाने, 33/11 केवी सब स्टेशन, फीडरों और ट्रांसफार्मरों की विशेष जांच और रख–रखाव के काम समय पर पूरा करने को कहा है। साथ ही ट्रांसफार्मर, केबल, इंसुलेटर, कंडक्टर और उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आपात स्थिति में तुरंत मरम्मत कार्य हो सके। आपदा प्रबंधन के लिए फील्ड स्तर पर आपातकालीन मरम्मत दल सक्रिय रखने और सभी आवश्यक उपकरण तैयार रखने को कहा गया है। उधर शीत ऋतु में बढ़ने वाली बिजली मांग को ध्यान में रखते हुए लोड प्रबंधन और लाइन लॉस नियंत्रण के लिए नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। सभी अधिकारियों को साप्ताहिक रिपोर्ट मुख्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग प्रभावी रूप से हो सके। साथ ही जनता से भी अपील की गई है कि वर्षा, हिमपात या तूफान के दौरान गिरी हुई बिजली तारों या टूटे पोल के संपर्क में न आएं और किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी बिजली कार्यालय या 1912 पर सूचना दें।

## स्कूली बच्चों ने यातायात पुलिस के साथ निकाली जागरूकता रैली

काशीपुर। काशीपुर में स्कूली बच्चों ने यातायात पुलिस के साथ जागरूकता रैली निकाली। उन्होंने लोगों को यातायात नियमों और अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। शनिवार को जीडी गोयंका स्कूल और यातायात पुलिस काशीपुर की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। स्कूली बच्चों की ओर से निकाली गई रैली मुख्य बाजार होते हुए चीमा चौराहे तक पहुंची। इस दौरान स्कूली बच्चों ने लोगों को यातायात नियमों की जानकारी व यातायात नियमों के प्रति जागरुक होने की अपील करते हुए शपथ दिलाई। इसके अलावा नशे से होने वाले दुष्प्रभावों और साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया। इस दौरान यातायात निरीक्षक नीरज कुमार, अपर यातायात निरीक्षक अरुण कुमार, रमेश कुमार सहित यातायात पुलिस कर्मी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

## राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर होगा भव्य आयोजन

अल्मोड़ा। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तथा राष्ट्र के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि ऐतिहासिक कटारमल सूर्य मंदिर परिसर में एक भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्कूली बच्चे, अधिकारी–कर्मचारी एवं नागरिक बड़ी संख्या में प्रतिभाग करेंगे। इसके साथ ही 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन सार्वजनिक स्थलों पर किया जाएगा, जिनमें नुक्कड़ नाटक, सेल्फी पॉइंट आदि बनाने के कार्यक्रम प्रमुख रहेंगे। जनपद में स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर भी लगाए जाएंगे। वहीं पर्यटन विभाग द्वारा साहसिक पर्यटन गतिविधियों जैसे ट्रैकिंग, माउंटेन बाइकिंग आदि का आयोजन किया जाएगा, जिससे युवाओं में रोमांच और प्रदेश की पर्यटन संभावनाओं के प्रति उत्साह का संचार हो सके। कार्यक्रमों की श्रृंखला में मल्ला महल, अल्मोड़ा में एक आकर्षक लाइट एंड साउंड शो तथा सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकार राज्य की लोक संस्कृति, लोकनृत्य और लोकगीतों की झलक प्रस्तुत करेंगे। बैठक में जिला विकास अधिकारी एसके पंत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# देहरादून ट्रैफिक पुलिस की अनोखी पहल, वाहन चालकों को दिया मैसेज

देहरादून। यातायात के नियमों का उल्लंघन और जाम देहरादून ट्रैफिक पुलिस के सामने बड़ी समस्या रहती है। इसी साल अगस्त के महीने में एक ऐसा मामला सामने आया था जब हेलमेट नहीं पहनने के कारण एक शख्स का 42 बार चालान हो गया था। इसके बावजूद वो शख्स ट्रैफिक नियमों को तोड़ता रहा। अब देहरादून पुलिस ने एक और पहल ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और लोगों को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने को की है।

यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए एसएसपी के निर्देश पर एसपी यातायात के नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को प्यार भरा पाठ सिखाया। पुलिस की अनोखी पहल से वाहन चालकों को अपनी गलती का एहसास हुआ। न कोई डांट, न फटकार, न दुर्व्यवहार। बस दून पुलिस की तरफ से एक अनोखा मैसेज दिया जा रहा है। त्योहारी सीज़न के दौरान, देहरादून यातायात पुलिस ने प्रभावी ढंग से ट्रिपल ए कॉन्सेप्ट पर कार्य किया है।

ट्रैफिक नियमों का पालन करने का पढ़ाया पाठः

इसमें पहला ई (शिक्षा) है। इसके अंतर्गत आम जनता, वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाए गए।

दूसरा ई ) है। इसके अंतर्गत यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण चौराहों /तिराहों पर डायवर्जन, बैरिकेडिंग और उचित साइनेज (संकेतक) की व्यवस्था की गई। पार्किंग स्थलों का चिन्हीकरण कर सुगम आवागमन किया गया।

तीसरा ई (प्रवर्तन) है। इसके तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्ती से प्रवर्तन की कार्रवाई की गई। इसमें विशेष रूप से नो–पार्किंग, नो रॉन्ग साइड ड्राइविंग के चालान शामिल थे।

## बग्वाई मेले में कोतवाली द्वाराहाट ने चलाया जागरूकता अभियान

अल्मोड़ा। कोतवाली द्वाराहाट द्वारा शनिवार को बग्वालीपोखर में आयोजित बग्वाई मेले के दौरान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आम लोगों को साइबर अपराध, नशे के दुष्प्रभाव, महिला एवं बाल अपराध, सड़क सुरक्षा तथा गौरा शक्ति एप सहित अन्य विषयों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। जिला पुलिस प्रमुख देवेंद्र पींचा द्वारा जनपद के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने–अपने क्षेत्र में स्कूलों, कॉलेजों, नगरों, कस्बों और ग्रामीण इलाकों में जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# उत्तराखंड की अंडर—19 महिला क्रिकेट टीम घोषित

### – वाराणसी की भूमि उमर को उत्तराखंड की महिला क्रिकेट टीम की कमान, उठे सवाल

देहरादून। उत्तराखंड की क्रिकेट प्रतिभाओं के लिए एक और सुनहरा मौका है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (सीएयू) ने बीसीसीआई के घरेलू सत्र 2025–26 के लिए उत्तराखंड की अंडर–19 महिला क्रिकेट टीम घोषित कर दी है। यह टीम आगामी अंडर–19 महिला चैलेंजर ट्रॉफी समेत अन्य राष्ट्रीय टूर्नामेंट में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम की कप्तानी वाराणसी यूपी की भूमि उमर करेंगी। उनका परिवार देहरादून में रहता है। कड़े चयन ट्रायल के बाद बनी टीम सीएयू की सचिव किरण वर्मा रौतेला ने बताया कि इसी महीने विभिन्न जिलों में ट्रायल कराए गए थे। खिलाड़ियों का चयन बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग में प्रदर्शन के आधार पर किया गया। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और मेरिट को सवोच्च प्राथमिकता दी गई। उत्तराखंड महिला क्रिकेट का बढ़ता ग्राफ सीएयू अध्यक्ष दीपक मेहरा ने बताया कि उत्तराखंड की महिला क्रिकेट टीम ने हाल के वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने विमेंस सीनियर वन–डे ट्रॉफी और टी–20 ट्रॉफी में फाइनल तक पहुंचकर अपनी क्षमता साबित की है। अंडर–19 स्तर पर यह नई टीम उत्तराखंड की महिला क्रिकेट संरचना को और मजबूत करेगी। साथ ही, यह चयन भविष्य के लिए प्रतिभाओं को निखारने में अहम भूमिका निभाएगा। दीपक मेहरा, अध्यक्ष–सीएयू मेहरा ने उम्मीद जताई कि यह टीम आने वाले आईसीसी अंडर–19 महिला टी–20 वर्ल्ड कप 2025 के लिए संभावित प्रतिभाओं को तैयार करने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।

कप्तान के चयन पर उठे सवालः महिला अंडर–19 क्रिकेट टीम की कप्तान भूमि उमर के चयन पर सवाल खड़े हुए हैं। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के वाराणसी की रहने वाली हैं। ऐसे में अन्य प्रदेश की खिलाड़ी का उत्तराखंड टीम में चयन होना हैरानी पैदा करने वाला है। वहीं, भूमि का आधार कार्ड भी वाराणसी का बना है। इससे साफ है उनका मूल निवास प्रमाण–पत्र भी उत्तराखंड का नहीं होगा। वहीं, सीएयू में मूल निवास प्रमाण–पत्र के आधार पर ही चयन होता है। हालांकि सीएयू ने स्पष्ट किया है कि भूमि की पढ़ाई शुरू से देहरादून में हो रही है और वह बचपन से दून में रही हैं।

# नन्ही बेटियों संग डीएम को धन्यवाद देने कलेक्टेज्ट पंहुची शिक्षिका कनिका, मिला समाधान, वेतन, प्रमाण पत्र



देहरादून। जिलाधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट में शिक्षिका ने अपनी नन्ही बेटियों संग पहुंचकर जिलाधिकारी सविन बंसल का धन्यवाद किया। जिले के प्रतिष्ठित इडिफाई वर्ल्ड स्कूल का प्रकरण हैं जहां स्कूल प्रबन्धन शिक्षिका 2 माह का वेतन व सुरक्षा राशि रोकने के साथ ही अनुभव प्रमाण पत्र जारी नही कर रहा था। डीएम ने संज्ञान लिया तो स्कूल प्रबन्धन ने रातोरात शिक्षिका वेतन जारी कर दिया।

विगत जनता दर्शन में निजी स्कूल में शिक्षण कार्य करा रही कनिका मदान ने जिलाधिकारी सविन बसंल से गुहार लगाई कि वे मोथोरोवाला में इडिफाई वर्ल्ड स्कूल में शिक्षण का कार्य करती हैं। स्कूल उनके माह मार्च तथा जुलाई के वेतन सहित सुरक्षा राशि नही दे रहा है साथ ही स्कूल प्रबन्धन द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र भी जारी नही किया गया है। जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को तत्काल कार्यवाही करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए थे, जिसके क्रम में शिक्षिका का लंबित वेतन सुरक्षा धनराशि के चेक 2 दिन के जारी कर दिए गए थे।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा पूर्व में जारी अनुभव प्रमाण पत्र में उल्लेख नही किया गया था कि कनिका स्कूल में किस पद पर थी जबकि कनिका ने बताया कि वह इन्टरमीडिएट तक के बच्चों को पढाती थी तथा स्कूल में कार्डिनेटर पद पर भी कार्य किया है, किन्तु स्कूल प्रबन्धन जारी प्रमाण पत्र में विवरण नही दिया है। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ा संज्ञान लिया स्कूल प्रबन्धन पुनः प्रमाण अनुभव प्रमाण पत्र जारी किया है। जिसके क्रम में 2 दिन के भीतर स्कूल प्रबंधन ने शिक्षिका के लंबित भुगतान चेक जारी कर दिया।

## गन्ना प्रजाति 238 की बुआई बिल्कुल न करे किसान:कृषि वैज्ञानिक

काशीपुर। गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा ग्राम कुंडेश्वरी में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को गन्ना बुवाई से संबंधित जानकारी दी गई। शुक्रवार को कुंडेश्वरी में गन्ना संस्थान के द्वारा कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां उन्होंने प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी नीलेश कुमार ने नव घोषित सट्टा नीति के विषय में किसानों को बताया। कहा कि शरद कालीन गन्ना बुवाई का समय आ गया है। जिन गन्ना किसानों को शरद कालीन गन्ना की बुवाई करनी है। वह उत्तम बीज का चुनाव करें। प्रत्येक गन्ना कृषक अपने खेत का निरीक्षण करें और जो भी बीमारी के लक्षण उसमें पाए जाएं। उसका फोटो लेकर गन्ना शोध केंद्र के वैज्ञानिकों को भेज दे। जहां फोन पर ही तत्काल सहायता उपलब्ध कर दी जाएगी। भूमि में 16 प्रकार के सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं। जिसकी जांच करने पर हमें पता चलेगा कि हमारी भूमि में कौन से तत्व की कमी है तथा उसकी पूर्ति करने से हमारी जमीन की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

इस गोष्ठी का उद्देश्य गन्ना कृषकों को उन्नत प्रजाति की गन्ना बीज की जानकारी, गन्ने की फसल में लगने वाली तरह–तरह के बीमारियों तथा उसमें प्रयोग की जाने वाली दवाईयां तथा उस पर गन्ने की वैज्ञानिक विधि से कृषि कैसे करें था।गन्ना अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 15023, 13235, 14201 जैसी उन्नतशील प्रजातियां हैं। वर्तमान में 0238 प्रजाति रेड रोड की चपेट में आ गई है।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com